RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

दैनिक नवयत

खबरें सड़क से संसद तक

होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

## ट्रम्प बोले- 48 नेता एक झटके में खत्म हुए, इजराइल ने दूसरे दिन फिर हमला किया

तेल अवीव/तेहरान।

इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला किया है। हमले में ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया। हमले के पहले दिन शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने इसकी पुष्टि आज की।

इजराइली वायुसेना ने रविवार को बताया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला किया गया। इसमें उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं।

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं, ईरानी सेना ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 9 लोगों की मौत हो गई है। तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हो गई है।



ईरान में सत्ता संभालने के लिए फिलहाल तीन लोगों की एक अस्थायी समिति बनाई गई है। इस समिति में देश के राष्ट्रपति मसूद पजश्कियान, न्यायपालिका के प्रमुख मोहसेनी एजेही और धर्मगुरु अली रजा अराफी शामिल हैं।

अयातुल्ला अली खामेनेई ने 1963 में शाह के खिलाफ भाषण देकर पहचान बनाई। 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति हुई और शाह की सरकार गिर गई। खामेनेई को उप रक्षामंत्री बनाया गया। 1981 खामेनेई ईरान के तीसरे राष्ट्रपति बने। 1989 में खोमैनी के निधन के बाद खामेनेई को देश का सर्वोच्च नेता यानी 'रहबर' बनाया गया।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया है। इनमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं।

### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

ईरान ने जवाब में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। उसने कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया।

# प. बंगाल, 60 लाख वोटर जांच के घेरे में

### मुर्शिदाबाद और मालदा में 19 लाख के डॉक्यूमेंट्स पेंडिंग; भाजपा ने कहा- घुसपैठियों पर कार्रवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद शनिवार को फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट के मुताबिक, राज्य के करीब 60.06 लाख वोटर्स के दस्तावेज अभी भी जांच के घेरे में हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या मुस्लिम बहुल और सीमावर्ती जिलों की है। आयोग ने राज्य की मतदाता सूची से कुल 63.66 लाख नाम हटा दिए हैं। बंगाल के कुल वोटर्स की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। वहीं भाजपा ने इसे घुसपैठियों के खिलाफ निर्णायक जंग करार दिया है। चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार, मुर्शिदाबाद जिले में सबसे ज्यादा 11.01 लाख वोटर्स ऐसे हैं जिनकी स्क्रूटनी अभी पेंडिंग है। इसके ठीक बाद मालदा का नंबर आता है, जहां 8.28 लाख वोटर्स के दस्तावेजों की न्यायिक अधिकारियों द्वारा जांच की जानी बाकी है।

# कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा : केजरीवाल



नई दिल्ली।

आम आदमी पार्टीके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया।

### केजरीवाल के भाषण की बड़ी बातें....

बीजेपी नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और बीजेपी के लिए करारा जवाब है।

आप को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। आईआईटी से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा।

इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंमे रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गई, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ।

**सूचना**

**होली के अवसर पर नवयत कार्यालय में दिनांक 2 व 3 का अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 5 तारीख का प्रकाशित होगा।**

**-सम्पादक**

## कोबरी-सार




HAPPY HOLI
VISHAL SHARMA
prince.tvs121@gmail.com
PRINCE TVS
Water Works Circle, Nagaur Road, Ladnun-341306 Nagaur (Raj.)
+91-7665565288 +91-7976386262 01581-2240658

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबूलाल छापोला
छापोला इंफ्रास्टक्चर,
18 वेद वाटिका सोडाला, जयपुर।
संपर्क : 6371584721

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
पुटिया राजा
(वरिष्ठ समाजसेवी)
निवासी चाड़वास, जिला चूरू
संपर्क :- 94144 02087

होली पर्व रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
मंजु देवी ठोलिया (प्रशासक)
बजरंगलाल ठोलिया (समाजसेवी)
ग्राम पंचायत बाकलिया
निवास बादेड़, तहसील लाडनूं
संपर्क : 79720 92599

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
मंजू चौहान
(शिक्षिका)
जौहरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाडनूं।
संयुक्त महिला मंत्री
राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय
(अजमेर संभाग)
संपर्क :- 94600 78133

एम.एन.घोड़ावत हॉस्पिटल
M.N.GHORAWAT HOSPITAL
एम.एन. घोड़ावत हॉस्पिटल & रिसर्च सेंटर लाडनूं
सेवाएँ :
- डॉ विजय सिंह घोड़ावत : वरिष्ठ जनरल सर्जन (MS FAIS,FICS)
- डॉ श्रेयांस घोड़ावत : हड्डी रोग विशेषज्ञ (D.Ortho,DNB,Orthopaedic)
- डॉ पूनम घोड़ावत : फिजियोथेरेपिस्ट (MPT)
- डॉ नरेंद्र प्रधान : जनरल फिजिशियन (सेवानिवृत प्रमुख चिकित्सा अधिकारी)
- डॉ एच.एस. बगड़िया : यूरोलॉजिस्ट (प्रत्येक बुधवार)
- डॉ संजय शर्मा : हृदय रोग विशेषज्ञ (प्रत्येक माह 10 व 25 तारीख)
- डॉ सुप्रिय जैन : हृदय रोग विशेषज्ञ
- सुविधाएं : चिरंजीवी योजना में निःशुल्क इलाज
- डायलिसिस की सुविधा 24X7 उपलब्ध है।
संपर्क : 7023909045, 9928271155
व्यवस्थापक : मंजू घोड़ावत
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनायें

श्री बापूजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन
सुजानगढ़ बाईपास रोड, लाडनूं (डीडवाना-कुचामन)
7011629681, 9783946431, 9602077096
9571519689, 9982581002 (विवेक)
सभी क्षेत्रवासियों को रमजान व होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
| | |
|---|---|
| विशेष शिक्षा | BSTC, B.Ed. (2 Year) |
| आयुर्वेद नर्सिंग | B.Sc. Nursing (4 Year) DANGP (3 Year) |
| आयुष डॉक्टर कोर्स | BNYS (5 ½ Year) |
| PARAMEDICAL | DMLT, DRT, DOTT, DOT (2 Year) |
| PHARMACY | D PHARMACY (2 Year) |
| NURSING - Allopathic | B.Sc. Nursing (4 Year) |

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
नाथूराम ठोलिया (अध्यक्ष)
जाट महासभा तहसील लाडनूं
संपर्क : 95871 69067

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पा सोनी
(व्याख्याता)
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बी जोधा, लाडनूं।

होली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई
मोहित फिलिंग सेन्टर
हरलाल सिंह बिजारणियां
समाजसेवी
Mob. 9414466488
हरलाल एग्रीकल्चर एण्ड बिल्डर्स प्रा. लि.
शिवम् प्लाजा, कपिल मण्डी
तीमकायाला

# खाटूश्यामजी लक्खी मेला : रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक और सुनियोजित इंतजामों के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के रींगस पर 21 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक रींगस में आयोजित खाटूश्यामजी लक्खी मेले के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक और सुनियोजित इंतजामों के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की गई। इस अवधि में कुल 2.58 लाख यात्रियों ने रींगस रेलवे स्टेशन से यात्रा की तथा स्टेशन ने 3.40 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जो कि पिछले वर्ष के 2.71 करोड़ और 2.28 लाख यात्रियों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। पूजा मित्तल वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया खाटूश्यामजी लक्खी मेले के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक और सुनियोजित इंतजामों के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की गई। मेले में ट्रेनों में आ रही ब्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए डीआरएम रवि जैन ने स्वयं रींगस जंक्शन पर मोर्चा सम्भाला। यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा रेलवे के प्रबन्ध के लिए डीआएम रवि जैन ने रींगस जंक्शन पर व्यवस्था, सभाली। लगातार वे भीडएव ट्रेनो की मोनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। साथ ही एडीआरएम श्री गौरव गौड व श्री अशफाक हुसैन अंसारी नें भी लगातार रींगस जंक्शन पर व्यवस्थाए संभाली।

## अतिरिक्त मेला शेल्टर की व्यवस्था

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मात्र दो महीनों में 1000 यात्रियों की क्षमता वाला एक नया मेला शेल्टर तैयार किया गया। इस प्रकार कुल दो मेला शेल्टर उपलब्ध रहे जिनकी संयुक्त क्षमता 2000 यात्रियों की थी। मेला शेल्टर को भीड़ की दिशा और मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए विभाजित किया गया था, जिससे यात्रियों का आवागमन व्यवस्थित और सुरक्षित बना रहा। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम मेले के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रही। भीड़ प्रबंधन के लिए कुल 70 कमर्शियल स्टाफ,200 आरपीएफकर्मी, 200 जीआरपी जवान तथा 60 होमगार्ड तैनात किए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सभी व्यवस्थाएं संचालित की गईं। डॉ. जगदीश कुमार डीसीएम जयपुर को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया था,जो सीनियर डीएससी ओंकार सिंह आरपीएफ के साथ पूरे समय रींगस में मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त अन्य अधिकारी कंट्रोल ऑफिस एवं रींगस स्टेशन पर अलग-अलग शिफ्टों में निरंतर निगरानी करते रहे। साथ ही रींगस यार्ड क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए सभी ट्रेनों का संचालन 20 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड किया गया तथा लगातार सीटी बजाकर सतर्कता बनाए रखी गई। यह कदम सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और संभावित जोखिमों को न्यूनतम करने में सहायक रहा।

## प्लेटफॉर्म एंट्री और टिकट जांच व्यवस्था

भीड़ को नियंत्रित रखने के उद्देश्य से यात्रियों को ट्रेन के निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके लिए उचित बैरिकेडिंग की गई थी। बिना टिकट यात्रा रोकने हेतु सभी प्रवेश बिंदुओं पर चेकिंग स्टाफकी तैनाती की गई, जिससे राजस्व संरक्षण के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण में भी मदद मिली।

## टिकटिंग सुविधाओं का विस्तार

टिकटिंग को सरल और त्वरित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। कुल 10 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम 15 फैसिलिटेटर,5 मोबाइल यूटीएस एम-यूटीएस तथा 4 राउंड द क्लॉक बुकिंग काउंटर संचालित किए गए। पीक आवर्स में बुकिंग काउंटरों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई। साथ ही हर चार घंटे में टिकट बिक्री की नियमित मॉनिटरिंग की गई। इस सतत निगरानी से यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि का पूर्वानुमान लगाने में सहायता मिली और आसपास के स्टेशनों से अतिरिक्त कोचिंग रेक की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जा सकी।

## 27 फरवरी को बढ़ी भीड़ का सफल प्रबंधन

27 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से 16 बजे के बीच यात्रियों की संख्या सामान्य से लगभग दोगुनी हो गई। हालांकि, नियमित मॉनिटरिंग के कारण प्रशासन को पहले ही संकेत मिल चुके थे। टिकट बिक्री निर्बाध जारी रही और कम समय में एक स्पेशल डेमू ट्रेन संचालित कर भीड़ को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया गया। यह त्वरित निर्णय और संसाधनों की उपलब्धता प्रशासन की सजगता और तत्परता का प्रमाण है।

## विशेष ट्रेनों का संचालन

नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त भीड़ प्रबंधन हेतु कुल 150 स्पेशल ट्रेन ट्रिप चलाई गईं। इनमें से 5 ट्रिप बिना पूर्व योजना के तत्काल स्थिति को देखते हुए संचालित की गईं। इन आकस्मिक ट्रिपों के लिए नजदीकी स्टेशनों पर एक डेमू रेक तथा एक स्क्रैच रेक पहले से उपलब्ध रखे गए थे, जिससे अचानक बढ़ी भीड़ के बावजूद यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा।

## यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त कैटरिंग, स्वच्छ पेयजल तथा अस्थायी टॉयलेट सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मांग पर मेला शेल्टर में लाइव खाटूश्यामजी दर्शन की व्यवस्था के लिए टीवी भी लगाया गया, जिससे यात्रियों को प्रतीक्षा के दौरान आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ और भीड़ का मनोवैज्ञानिक दबाव भी कम हुआ।

## राजस्व और यात्री संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि

इस वर्ष मेले के दौरान 2.58 लाख यात्रियों ने रींगस स्टेशन से यात्रा की और 3.40 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 30 लाख रुपये से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। यात्री संख्या में भी लगभग 30 हजार की वृद्धि हुई, जो कि रेलवे प्रशासन की बेहतर योजना, सुविधाओं के विस्तार और कुशल भीड़ प्रबंधन का परिणाम है।

## समापन

लक्खी मेला 2026 के सफल आयोजन में रेलवे प्रशासन, सुरक्षा बलों एवं समस्त कर्मचारियों की समन्वित कार्यप्रणाली, सतत मॉनिटरिंग और त्वरित निर्णय क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रींगस स्टेशन पर किए गए सुनियोजित प्रबंधों ने न केवल यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित की, बल्कि रेलवे की सकारात्मक छवि को भी सुदृढ़ किया। रेलवे प्रशासन भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण और दक्षता के साथ यात्रियों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।



# पोस्टर विमोचन किया



निसं

**खंडेला ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा 19 वां अंतर्राष्ट्रीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च गौड़ ब्राह्मण समाजोपयोगी भवन भगवान परशुराम परिसर सेक्टर 4 विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन का फार्म भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च है। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने खण्डेला तहसील स्तर पर इस सम्बंध में पोस्टर विमोचन करते हुऐ बताया अब तक किए गए परिचय सम्मेलन में 50 हजार से अधिक परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हो चुका परिचय सम्मेलन में न सिर्फ भारत के सभी राज्यों से बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियां भी प्राप्त हो रही है जो अभिभावक अपने पुत्र पुत्री के लिए सुयोग्य वर वधु की तलाश कर रहे हैं उन्हें इस परिचय सम्मेलन का लाभ निश्चित रूप से प्राप्त होगा। इसमे समाज के विदेशों में रहने वाले परिवार के साथ-साथ सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी एडवोकेट डॉक्टर इंजीनियर नौकरी एवं व्यापारी आदि का बायोडाटा प्राप्त होता है। पोस्टर विमोचन के इस अवसर पर समाज के तहसील अध्यक्ष ललितप्रसाद शर्मा, झाबरमल कलावटिया, शिवदयाल तिवाड़ी, एडवोकेट सुभाष कलावटिया, रामकुमार शर्मा, जितेंद्र इन्दोरिया, गोकुल जोशी सहित अन्य ब्राह्मण बन्धु उपस्थित हुए।

# होली के रंगों से सजा बाजार



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** होली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। रंगो के त्यौहार को लेकर शहर के लोगों ने अपनो को रंग में बिगोने के लिए अनेक तरह की तैयारिया की है। वही शहर के बाजार रंगों से सरोबार हो गये है। बाजार रंग बिरगे गुलालों व पिचकारियों के साथ साथ अनेक प्रकार के गुब्बारों से सज गया है। सुबह से शाम तक बाजार रंगो से सजे है। यही बच्चे अपने माता पिता व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रंगो की दुकान पर पहुंच रहे है। शहर के सीटी बस स्टैण्ड, चौपड बाजार, अस्पताल चौराहा बीकानेर बस स्टैण्ड सहित अनेक स्थानों पर विभिन्न पकार के गुलाल व पिचकारिया बच्चों को आकर्षित कर रही है। अनेक प्रकार की पिचकारिया व बंदूके, खिलोने तोप व गुब्बारों के लिए बच्चों को मचलते हुए देखा जा रहा है। दुकानों पर भी अनेक प्रकार की पिचकारिया लगी हुई है। आरारोट गुलाल, हर्बल गुलाल व रंग लोगों की पसंद बने हुए है। सीटी बस स्टैण्ड पर स्थित सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार कई तरह के हर्बल गुलाल, ईको गुलाल, आरारोट गुलाल की खास तौर से डिमाड बनी हुई है। अभी तो ग्राहकी ने जोर नहीं पकड़ा अक्सर होली के दिन ही पुरा गुलाल व रग बिकते है लेकिन इस बार बच्चे पहले ही गुलाल आदि खरीद रहेहै। होली को लेकर वर्षो बाद केज देखा जा रहा है। अभिभावक भी अब अपनी संस्कृति को मनाने के लिए बच्चों को प्रेरित कर रहे है।

# फ्लैग मार्च निकाला

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** होली एवं धुलंडी के त्योहार को देखते हुए पुलिस ने कस्बे एवं मंडी इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने मुकुंदगढ़ मंडी, रेलवे स्टेशन, नवलगढ़ रोड, लक्ष्मणगढ़ रोड़ सहित मुख्य बाजार, गोपी नाथ मंदिर होते हुए फ्लैग मार्च निकालकर त्योहारों को आपसी भाई चारे एवं शोहार्द के साथ मानने की अपील की।

# सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप के चंग धमाल कार्यक्रम में शहरवासी सतरंगी रंग में रंगे

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** होली पर्व ज्यों-ज्यों नजदीक आता जा रहा है, त्यों-त्यों शहरवासियों में सतरंगी होली की मस्ती परवान चढ़ती जा रही है। विभिन्न चौकों . मोहल्लों में अलग-अलग कार्यक्रम चल रहे है। सब अपनी अपनी स्टाईल से मस्ती में डूबे हुए है इस मौके पर सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप के सभी सदस्यों ने पारम्परिक राजस्थानी धोती, कुर्ता ओर मोजड़ी व पचरंगी साफा पहने नजर आए। कार्यक्रम में परम्परा के साथ आधुनिकता का समिश्रण होने से रसियों की सतरंगी रंगत बढ़ी हुई नजर आ रही है। युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी मस्ती लेने में पीछे नहीं रह रहे है शहर में रम्मतों के साथ फागोत्सव, चंग धमाल आदि के कार्यक्रम हो रहे है जिसमे अलग-अलग स्वांग की टोलिया बनाकर सभी का मन मोहा जा रहा है। सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप के गणेशमल लाहोटी व रमेश राठी ने बताया कि पिछले 5 दिनों से संतोषी चोक प्रांगण में चंग की थाप पर धमाल का आयोजन चल रहा है जिसमे पारम्परिक होली के गीतों की धमाले गायन के साथ रसिये नाचते हुवे नजर आ रहे है। सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप के प्रयागचन्द चाण्डक व रमेश मूंदड़ा ने बताया कि कार्यक्रम रात्रि 8:30 बजे शुरू किया जाता है जो देर रात्रि तक जारी रहता है कार्यक्रम मे पुरषों की टोलियो के साथ महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय नजर आ रही है । कार्यक्रम में पुष्प वर्षा कर सभी को पुष्पो की होली खेलाई गई। ग्रुप के सीताराम छिम्पा व कैलाश बजाज ने बताया कि मोहित सोनी द्वारा धोला गढ़ में राज तुम्हारो देवी व घनश्याम बिश्नोई द्वारा हालर ताईं लाया रे चूड़ी रो बाजो पार्षद अंकित तोषनीवाल द्वारा ओ दे गयो कागद पोस्टमेन कमल राठी ने चाँद चढ़यो गिगनार हर्षित लाहोटी, शुशील चितलांगिया, जीवन ने धमाल गाई गई तब रसिये नाचने पर मजबूर हो गए ओर अश्विनी सोनी, गिरिराज भट्टड़, धीरज राठी, देवांश लाहोटी, हर्षित भट्टड़, राहुल सोनी, जेठमल लाहोटी, भव्य बजाज, ललित तिवाड़ी ने जमकर नृत्य किया।

ग्रुप के संजय लाहोटी ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. अशोक धारणिया, गुड्डू हीरावत का अपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष ललित झंवर, सूरज सोनी कोलकत्ता, बालचंद बजाज, रमेश तिवाड़ी, मूलचन्द राठी, बृजलाल बेनीवाल, राजकुमार धारणिया, कमल चाण्डक, रमेश बागढ़ी, राधेश्याम राठी, सुनील राठी, संजय लाहोटी, रघुवीर बजाज, श्याम लोहिया, पार्षद देवकिशन चाण्डक, महावीर प्रसाद तोषनीवाल, कमल राठी, आलोक राठी, प्रेमचंद सोनी, शुशील चितलांगिया, आलोक राठी, मोहित जोशी, जयकरण चारण, जेठमल लाहोटी, रामकरण उपाध्याय, विनोद चाण्डक, राजू चाण्डक, दामोदर छिम्पा, मनीष ओझा, ओमप्रकाश पारीक, कन्हैयालाल छिम्पा, मास्टर संपतलाल, तुलछिराम तिवाड़ी, विनोद तिवाड़ी, सुरेश व्यास, पूनम लटियाल, भेरूसिंह राजपुरोहित, राजू लाहोटी, हरि चाण्डक, हरि लखोटिया के साथ होली के रसिये व मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

# बावलिया बाबा मंदिर में फागोत्सव मनाया



रामावतार सोनी

**बुगाला ( नवयत्न )।** बावलिया बाबा मंदिर परिसर में रविवार को फागोत्सव का आयोजन किया गया। पुजारी गोपालदास ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर प्रांगण रंग-बिरंगी सजावट और फूलों से सजाया गया।इस दौरान गुढ़ागौड़जी से आए कलाकार दिलीप गुर्जर, रघुवीर पेंटर व पार्टी ने बावलिया बाबा की जीवनी पर रचित भक्ति एवं होली के पारंपरिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। ढोलक, हारमोनियम और चंग की थाप पर कलाकारों ने फग गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित श्रद्धालु भी झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान बाबा के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर खुशहाली की कामना की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि फागोत्सव का आयोजन भक्तों की सहभागिता से किया गया, जिससे क्षेत्र में आपसी भाईचारा और धार्मिक आस्था मजबूत होती है। जनसेवा ट्रस्ट के भंवरसिंह शेखावत, नन्दकिशोर स्वामी, पंस सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया, पंडित राजेंद्र शास्त्रीएपं रविकांत शास्त्री आदि ने कलाकारों को बाबा की तस्वीर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में कपिल कुमावत, रामप्रसाद कुमावत, सुरेश पारीक, नरेन्द्र पारीक, मनीराम, कृष्ण शर्मा, विजयपाल सिंह, दीपेन, सोनू कुमावत व दशरथ सिंह, सुनील जांगिड़, कल्याण सिंह राइका आदि का विशेष सहयोग रहा।

# कवि सम्मेलन में कवियों ने देर तक ग्रामीणों को बांधे रखा



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** होली स्नेह मिलन के अवसर पर शनिवार को टोंक ढाका की ढाणी में अखील भारतीय कवि सम्मेलन देर रात तक जमा रहा कवियों द्वारा एक से बढ़कर एक वीर रस हास्य कविताओं द्वारा ग्रामीणों को देर तक बांधे रखा इस मौके पर हास्य कवि गजेन्द्र कविया ने अपनी हास्य कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को खूब हंसाया उन्होंने आज के पहनावे और कल्चर पर कविता के माध्यम से युवा पीढ़ी को जमकर कोसा एकवयित्री मनीषा सक्सेना ने श्रृंगार रस भरी कविता द्वारा भारतीय नारी का सम्मान ओर दुर्गा का रूप में पहचान बनाने पर जोर दिया श्रृंगार रस की अपनी कविता के माध्यम से श्रोताओं का मन जीत लिया कवि सोहनदान चारण ने नेताओं के तीन गुण बताकर आज के राजनेताओं को अपनी शायरी के माध्यम से खूब जमकर धोया नेताओं को सुई ओर जनता को धागा बताकर खूब हंसाया कवि मेघश्याम मेघ ने राधा कृष्ण ओर मथुरा नगरी पर वीर रस की कविताएं पढ़कर श्रोताओं का दिल जीत लिया जनकवि हरिराम गोपालपुरा ने देस भक्ति ओर मां बाप की महिमा पर कविताएं सुनाई तथा बेटी अपने बाप को कैसे शर्मिंदा करती है अपनी कविताओं पर जमकर बोले हास्य कवि सुरज अजनबी, प्रहलाद झोरड़ा आदि ने भी हास्य कवियों द्वारा जोरदार प्रस्तुतियां दी। फाल्गुन के महीने में जोरदार कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम के दौरान पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा, समाज सेवी हरफूल सिंह मुंड, भामाशाह वह डूंडलोद पब्लिक स्कूल के सचिव बीएल रनवा एराजेश कटेवा, विकेश कुलहरि, पार्षद दलीप मीणा, नेछवा पीएमओ डॉक्टर गंगाधर सिंह बतौर अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए।

इस मौके पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग कवियों को सुनने पहुंचे। प्रो. डॉ. जेपी कड़वासरा तथा सुरेश नेहरा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# गौड़ ब्राह्मण समाज का विवाह परिचय सम्मेलन 22 को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा 19वां युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आगामी 22 मार्च को प्रातः 10 :15 बजे जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर-4 में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन समाज के युवाओं के लिए वैवाहिक परिचय का एक सशक्त एवं सुव्यवस्थित मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल करेंगे, जबकि आयोजन के मुख्य संयोजक विजय कुमार बसोतिया होंगे। प्रदेश स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं संपर्क की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एवं प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप जोशी को सौंपी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर आवेदन कार्य के लिए जिला अध्यक्ष पवन शर्मा देवराला, जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित, नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के सदस्य जिलेभर में जनसंपर्क कर आवेदन पत्र वितरित करने एवं जमा करने का कार्य कर रहे हैं। आवेदन फार्म। जमा कराने की अंतिम तिथि 7 मार्च तक है। सम्मेलन के माध्यम से अभिभावकों को अपने योग्य पुत्र-पुत्रियों के लिए श्रेष्ठ जीवनसाथी चयन का सुव्यवस्थित अवसर मिलेगा। महमिया ने बताया इसे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी।

# अणुव्रत के नियमों से व्यक्तित्व का निखार होता है : साध्वी राजीमती

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अणुव्रत की शुरूआत स्वयं से करें, निज पर शासन फिर अनुशासन, इस विषय पर आज अणुव्रत के 78 में स्थापना दिवस के अवसर पर शासन गौरव साध्वी राजीमति ने व्याख्यान दिया। साध्वी श्री ने अणुव्रत के सिद्धांत पर तार्किक विचार रखते हुए अणुव्रत के नियमों से व्यक्तित्व का निखार होता है इस बात पर बल दिया। स्वच्छ पर्यावरण एवं आत्म मंथन कर आत्मा की शुद्धि की योग विधि पर चर्चा की। अणुव्रत के छोटे-छोटे नियम अपना कर छात्र एवं युवा वर्ग को आगे बढ़ना चाहिए। स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत तेरापंथ भवन महावीर चौक में ध्वजारोहण के साथ हुई अणुव्रत समिति के मंत्री गजेंद्र पारख ने अणुव्रत के 11 नियमों का वाचन कर संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।

उपाध्यक्ष इंद्र चंद वैद कविराज ने समाज में सुधार मैं अणुव्रत की आवश्यकता पर विचार रखें। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदरचंद मोदी ने वर्तमान युग में परिवार समाज एवं देश हित के लिए अणुव्रत की महत्व पर प्रकाश डाला। महावीर नाहटा, सुरेश बोथरा, दिव्या दफ्तरी, मोनिका, पुलकित ललवानी हंसराज भूरा, तोलाराम घीया, हरिकिशन शर्मा, रूपचंद मालू, अरूण भूरा सहित बड़ी संख्या में सदस्यों उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जीवन विज्ञान प्रभारी भावना मरोठी ने किया।

# बड़ा बालाजी के मेले की तैयारियां प्रारंभ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महेंद्र खडोलिया कस्बे में श्री कृष्ण गौशाला के पास स्थित श्री बड़े बड़ा बालाजी का मेला 03 मार्च मंगलवार धुलंडी को भरेगा। इस दिन हर वर्ष की तरह मेला स्थल पर लक्की ड्रा खोला जाएगा इसमें मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन, मोबाइल, स्टील बर्तन सेट, मिक्सर, कूलर, सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, कुकर, हाथ घड़ी सहित कुल 50 इनाम रखी गई है । बड़ा बालाजी मंदिर कमेटी के सदस्य सुरेश चोटिया, उमेश चूलेट, नरेश पंजाबी, रविंद्र कुमार लाटा, आदि ने बताया कि 02 मार्च सोमवार को रात्रि में जागरण, 03मार्च मंगलवार को इनामी कुश्ती प्रतियोगिता, शाम 7 बजे से लक्की ड्रा खोला जाएगा वहीं रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मेले के अवसर पर बड़े बालाजी का अलौकिक श्रृंगार किया जाकर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। मेला आयोजको की कमेटी ने लक्की ड्रा के लिए टिकटों की बिक्री प्रारंभ कर रखी है।

# लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा होली महोत्सव आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा झुंझुनू स्थित श्री लक्ष्मी नाथ पाठशाला पुराना पोस्ट ऑफिस में चतुर्थ होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों से होली खेलकर उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। झुंझुनू प्रभारी मनोज कुमार गनोंलिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस होली महोत्सव में शहर की महिलाओं ने फूलों से होली खेली तथा होली के धमाल गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को कार्यक्रम समाप्ति पर फलाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्यारसी कुमारी सबल, वीना रानी, प्रिया गहन, ममता कुमावत, सोनू कुमावत, संजू कुमावत, कौशल्या कुमावत, कविता रोलन, कौशल्या देवी, किरण मेघवाल, सुरेश सीमार, नरोत्तम दुलगच, प्रदीप दुलगच, राजेंद्र कुमार कनोड़िया, विनोद कुमार बाकोलिया सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# ई-मित्र संचालकों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के सभी ई-मित्र संचालको द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे सह-भोज, खेल कूद प्रतियोगिता चंग धमाल का आयोजन बड़ी धूम धाम से रावणा राजपूत सभा भवन, द्वारिका कॉलोनी, नोखा में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष आशुराम एवं समस्त सहयोगी ई मित्र संचालको ने गर्म जोस व उत्सह पूर्वक अपनी उपस्थित दर्ज की।

# होली से पहले अपनाएं ये स्किन सेफ्टी टिप्स : डॉ. कोमल गुप्ता

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** होली खुशियों, रंगों और अपनापन का त्योहार है। लेकिन हर साल होली के बाद त्वचा रोग विशेषज्ञों के पास त्वचा पर रैशेज, खुजली, जलन, आंखों में इरिटेशन और स्किन इंफेक्शन के मामलों में बढ़ोतरी देखी जाती है। इसकी वजह बाजार में मिलने वाले अधिकतर रंग हैं, जो औद्योगिक डाई, भारी धातुओं हेवी मेटल, माइका और केमिकल पिगमेंट से बने होते हैं। ये तत्व त्वचा के लिए सुरक्षित नहीं होते। संवेदनशील त्वचा, एक्जिमा या मुंहासों एक्ने से परेशान लोगों में एलर्जी और संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल की डॉ. कोमल गुप्ता ने बताया कि होली के बाद हम अक्सर कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस के मरीज देखते हैं। जिसमें चेहरे, गर्दन और हाथों पर लाल, खुजलीदार और सूजन वाले पैच बन जाते हैं। कई बार रंगों को तेल या पानी में मिलाकर लगाने से त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं और मुंहासे बढ़ सकते हैं। बच्चों और पहले से त्वचा संबंधी समस्या से जूझ रहे लोगों में जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए इलाज से ज्यादा जरूरी है बचाव। डॉ. गुप्ता के अनुसार होली के बाद दिखने वाली आम त्वचा में त्वचा पर लालिमा, खुजली और जलन, खुले हिस्सों पर सूजन या रैशेज, त्वचा का सूखना और छिलना, मुंहासों का बढ़ना, आंखों में जलन या कंजंक्टिवाइटिस औश्र बैक्टीरियल या फंगल संक्रमण जैसी समस्याएं हो जाती है। इसके अलावा गीले रंग त्वचा पर ज्यादा देर तक चिपके रहते है, जिससे जलन और बढ़ सकती है। कई लोग रंग हटाने के लिए जोर-जोर से रगड़ते हैंए जिससे त्वचा पर छोटे-छोटे कट बन सकते हैं और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि होली से पहले बाहर निकलने से पहले त्वचा पर मोटी परत में मॉइस्चराइजर या नारियल तेल लगाएं। इससे रंग बाद में आसानी से निकल जाते हैं। धूप में जा रहे हैं तो सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि होली के दौरान त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। फूल स्लीव कपड़े पहनें ताकि रंग सीधे त्वचा के संपर्क में कम आएं। हर्बल या स्किन-फ्रेंडली रंगों का ही इस्तेमाल करने की कोशिश करें। केमिकल रंगों से एलर्जी के साथ-साथ त्वचा में संक्रमण बढ़ सकता है। तौलिया या अन्य निजी सामान साझा न करेंए क्योंकि इससे बैक्टीरियल या फंगल संक्रमण बढ़ सकता है। अगर आंखें संवेदनशील हैं तो चश्मा पहनकर होली खेलें जैसी सावधानियों का ध्यान रखे। वहीं होली खेलने के बाद रंगों को गुनगुने पानी से धीरे-धीरे धोएं। उन्हें त्वचा पर ज्यादा देर तक न रहने दें। हल्का माइल्ड फेस या बॉडी क्लींजर इस्तेमाल करें। कड़े साबुन से बचें त्वचा को जोर से न रगड़ें। मुलायम तौलिये से हल्के हाथों से सुखाएं। नहाने के तुरंत बाद मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं ताकि त्वचा की नमी बनी रहे। अगर खुजली, लालिमा या सूजन कम न हो तो घरेलू नुस्खों के बजाय त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

# नई दिशा-नशा मुक्त तारानगर जनचेतना सभा एवं मैराथन कार्यक्रम आयोजित

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा जिला महामंत्री व भाजपा युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में तारानगर में नई दिशा-नशा मुक्त तारानगर अभियान के अंतर्गत रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर में विशाल जनचेतना सभा एवं मैराथन दौड़ का सफल आयोजन हुआ।

सभा में सैंकड़ों युवाओं ने नशा मुक्त तारानगर, स्वस्थ और सशक्त तारानगर के तहत नशा से दूर रहने के संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पराक्रम सिंह राठौड़ ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के खतरे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज व देश दोनों के लिए घातक है इसलिए युवा नशे से दूर रहे। राठौड़ ने कहा कि चूरू जिला, जो मेहनतकश संस्कृति और सादगी के लिए जाना जाता है, आज सिंथेटिक ड्रग्स जैसे एमडीए मेफेड्रोन और चिट्टा हेरोइन जैसे घातक जहर की चपेट में आता जा रहा है। देश में करीब 2.3 करोड़ भारतीय अफीम और हेरोइन के नशे में फंसे हैं और 10 से 17 वर्ष के लगभग 40 लाख बच्चे किसी न किसी नशे की चपेट में हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी ने भी नशे के खिलाफ लड़ाई को बल देते हुए कहा है कि युवाओं का भविष्य बचाने के लिए समाज, प्रशासन और सरकार को मिलकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि नशा कुछ पल का झूठा आनंद देता है, लेकिन खेल और अनुशासन जीवन भर की पहचान और सम्मान देते हैं। सीमावर्ती जिलों में ड्रोन के माध्यम से ड्रग्स तस्करी की घटनाएँ गंभीर चिंता का विषय हैं और अब इसका प्रभाव चूरू एवं तारानगर क्षेत्र तक पहुंच रहा है। पदम् भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन का संदेश देते हुए कहा कि अगर हमारी युवा शक्ति नशे में डूब गई तो देश और समाज का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए हमें समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहला कदम-नशे की जगह खेल। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल की ओर अपने कदम बढ़ाने चाहिए। सभा को इतिहासविज्ञ राजवीर सिंह चलकोई, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनिया, चन्द्राराम गुरी, जसवंत स्वामी, अनूप खण्डेलवाल, संदीप काजला आदि ने भी सम्बोधित किया। सभा में अजीत सिंह राठौड़, नरेश सहारण, जमरदिन तेली, अनूप खण्डेलवाल, लीलाधर बागोरिया, दलीप पूनिया, भंवरलाल पूनिया, मो. तैयब, विशाल शर्मा, हरि इंदौरिया, माणकचन्द सैनी, रणजीत सिंह तंवर, मदनलाल नायक, सुनील भाकर, महेंद्र स्वामी, त्रिलोक रेगर सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्तातथा सैंकड़ों युवा मौजूद रहे।

# बाबा श्याम का फागोत्सव मनाया



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड नम्बर 01 में श्रीमती रामादेवी महर्षि सदन में बाबा श्याम का फागोत्सव मनाया गया। श्याम मित्र मंडली बगड़ द्वारा बाबा के भजन व धमाल से कार्यक्रम को रगांरंग बनाया। वार्ड नम्बर 01 की समस्त महिलाओं के द्वारा नृत्य के साथ आपसी प्रेम का भाईचारा स्थापित किया। प्रार्थना की गई सब का भला हो, अपना देश विकसित हो। प्रत्येक नागरिक भाईचारे के साथ रहे। इस अवसर पर सत्यभामा देवी, परमेश्वरी देवी राहड़, संतोष कमला कुल्हरि, बबीता चौधरी, प्रेम सेन, सरिता, प्रमिला, सुमन, रितू वार्ड की समस्त महिला उपस्थित रही।

# देर रात तक जारी रहा धमाल कार्यक्रम



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** होली चंग और ढाप की थाप, धमाल लोकगीतों धुलंडी तक चलने वाली यह परंपरा फाल्गुन माह में पूरे क्षेत्र होली से करीब 15 दिन पहले ही हर गांव और कस्बे में चंग की मधुर धुन पर श्धमाल फाग गीत गाए यह उत्सव स्थानीय लोक संस्कृति को जीवंत रखने और पीढ़ियों को परंपरा से जोड़ने का काम करता है। आयोजन से जुड़े ढाणीजयराम कावाली में बनवारी लाल सैनी ने बताया कि चंग नृत्य, एक लोक नृत्य है। इसे धमाल, धुफनृत्य और होली नृत्य के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि यह होली के दौरान बुराई पर विजय का जश्न मनाने के लिए किया जाता है। और यह समृद्धि व खुशी का प्रतीक है। पिछले कई दिनों से हमारी ढाणी जयरामकावाली में सैनी समाज के लोग ढाणी में लोक संस्कृति के प्रेमी बंधुओ के द्वारा फगुन के महीने में लोक संस्कृति प्रस्तुति की जाती है। आयोजन में महेंद्र खडोलिया, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, जमन लाल, छगनलाल, तेजाराम, संतोष कुमार, देव सैनी आदि ने देर रात धमाल का आयोजन किया गया। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन के पास इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में भी धमाल का आयोजन किया जा रहा है। राजू नाई, नवल फूलका, हीरालाल, छगनलाल सैनी, महेंद्र सैनी दिनेश शर्मा, पहलाद मल आदि साथियों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाती है। स्थानीय नागरिकों की सामूहिक प्रस्तुति से वातावरण में फागुन की मस्ती छा जाती है।

# ट्रकों की भड़ंत में वाहन चालक हुआ घायल



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सालासर रोड पर रविवार दोपहर को मींगना के पास दो ट्रको की जबरदस्त भिड़ंत में एक ट्रक चालक केबिन मे ही फंस गया, जिसको आसपास के लोगो ने बाहर निकाला। पास के ही दिनेश प्रजापत, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत की सहायता से सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी मे पहुँचाकर इलाज शुरू कराया। ट्रक चालक महावीर पुत्र अभय राम उम्र 41 वर्ष निवासी गढ़ी उजाले खान 39, सोनीपत हरियाणा का निवासी था। स्थिति गंभीर होने तथा कोई भी परिजन साथ नहीं होने के कारण श्याम स्वर्णकार सीकर गए तथा अस्पताल मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। सूचना पर सदर थाना पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल रामसिंह मौके पर पहुंचे तथा वाहनों को साइड मे कराकर यातायात सुचारु करवाया।

# जिला जिम्नास्टिक संघ के शर्मा अध्यक्ष और पंवार सचिव बने

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** जिला जिम्नास्टिक संघ, बीकानेर के वर्ष 2026-2030 के लिए चुनाव दिनांक 1 मार्च 2026 को सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया संघ के निर्धारित नियमों के अनुसार सम्पन्न कराई गई तथा निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट अजय कुमार पुरोहित द्वारा परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन परिणाम के अनुसार सीए सुधीश कुमार शर्मा अध्यक्ष, प्रदीप सिंह पंवार सचिव, मानक चन्द व्यास कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में महेश माथुर, नवल सिंह, तेजस्विनी व्यास एवं सुधा व्यास उपाध्यक्ष, बाबूलाल चौहान, मधु खत्री, मोहम्मद हसन एवं ज्योत्सना व्यास संयुक्त सचिव, शोभा पाण्डेय, सुनील सेन, शिवराज सिंह, संतोष नायक, उधवीर सिंह एवं अजय थोलिया कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन जिला खेल परिषद के पर्यवेक्षक सुरेन्द्र हर्ष, जिला ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक विजेन्द्र रंगा तथा राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ के पर्यवेक्षक परमेश्वर प्रजापत द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफइंडिया के पूर्व सचिव कान सिंह, भारतीय जिम्नास्टिक टीम के मुख्य कोच मंगला, तथा संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री सिंह भाटी भी विशेष रूप से उपस्थित रहकर चुनाव प्रक्रिया के साक्षी बने। बीकानेर के लगभग सभी जिम्नास्टिक खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। विशेष उल्लेखनीय है कि इस बार संघ की कार्यकारिणी में जिम्नास्टिक खेल से जुड़े सक्रिय खिलाड़ियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रमुखता देते हुए एक सशक्त टीम का गठन किया गया है, जिससे खेल के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही संघ द्वारा खेल के विकास एवं सुदृढ़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को संरक्षक मनोनीत किया गया मुख्य संरक्षक आशीष अग्रवाल-प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं संचालक, मेसर्स भीखाराम चाँदमल, डॉ. पी.एस. वोहरा-प्रसिद्ध चिंतक, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, लेखक एवं सीईओ, एस टी बी, बीकानेर संरक्षक करण गौरी, नीरज गुप्ता, बीकानेर के संचालक जतिन सहल, बीकानेर के संचालक नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं संरक्षकों ने बीकानेर में जिम्नास्टिक खेल के व्यापक विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नई प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

यह चुनाव एवं नई कार्यकारिणी का गठन बीकानेर में जिम्नास्टिक खेल के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# प्रिंस रेजिडेंशियल स्कूल में अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास-श्यामपुरा, सीकर स्थित प्रिंस रेजिडेंशियल स्कूल में एसटीएसईए जेट एवं विभिन्न ओलंपियाड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक रामचरण यादव, एकेडमिक हेड पीके बराला, विजय खेदड़, कॉर्डिनेटर्स व शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 195 विद्यार्थियों को मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रिंस रेजिडेंशियल स्कूल के समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# माय भारत झुंझुनू द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में रॉयल इंडियन ह्यूमन सोसाइटी एवं युवा ग्रामीण प्रगति संस्थान के सौजन्य से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिन्द जालिमपुरा ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय चाहर रहे, अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने की, मुख्य आकृषण का केंद्र भारतीय न. 19 क्रिकेट टीम एवं ूचस खिलाड़ी हैप्पी खीचड़ रही, बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विजयगोपाल मोटसरा, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, पहलवान अमित चौधरी की माता अनीता चौधरी और विजय डिफेंस एकेडमी के निदेशक अनिल कुमार रहे।

वालीबॉल में पिलानी विजेता एवं अलसीसर उपविजेता बनी, कबड्डी में अलसीसर विजेता और नवलगढ़ उपविजेता रही। वहीं दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में राहुल प्रथम, दीपेश द्वितीय और अंकित तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आरती प्रथम, दीपिका द्वितीय और पिंकी तृतीय स्थान पर रही। रस्साकसी में विजय डिफेंस एकेडमी की टीम विजेता बनी।

सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा कपए मेडल और प्रशास्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अजय चाहर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत खेलों में विश्व पटल पर एक उभरती शक्ति बन रहा है उसमें ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं का अहम योगदान है उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्य का चयन कर लगातार प्रयास करते रहे। महिला क्रिकेटर हैप्पी ने युवाओं को सफलता के लिए लग्न और जुनून से आगे बढ़ने का आह्वान किया, विजयगोपाल मोटसरा ने प्रतिभाओं को अपने सपने पूर्ण करने का मूलमंत्र देते हुए कहा कि यदि आप सत्यनिष्ठा से अपने कार्य को करते हो तो सफलता निश्चित है।

जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने युवाओं को माय भारत जैसे मंच से अपनी कौशल दक्षता को बढ़ाने की बात कही। मैच रेफरी की भूमिका शेर सिंह, धनेश गुर्जर, मनीष एवं बाबूलाल गुर्जर ने निभाई। इस अवसर पर नवीन कालेर, अंकित कालेर और जय महला को विशेष सेवा के लिए सम्मान दिया गया।

# फागण कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय कला एवम संस्कृति की लोक कलाकारों ने कीरपुरा कश्यप नगर में शानदार प्रदर्शन किया । राजस्थान कला संस्कृति एवम पर्यटन विभाग तथा सरस्वती रूरल एन्ड अरबन डवलपमेन्ट सोसाइटी झुंझुनू द्वारा आयोजित फागण कार्यक्रम में कालबेलिया, ढप्प चंग धमाल, स्वांग, लोक नृत्य इत्यादि प्रस्तुत किये गए । नव सृजित ग्राम पंचायत कीरपुरा में आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकार रामचन्द्र खटाना, गोरखा राम उर्फ जगदीश जिनड़, दयाराम अजाड़ीवाला, बिजेंद्र गुर्जर, लक्ष्मीनारायण खटाना, अमीचन्द खटाणा, मुनेश योगी, प्रताप जिनड़, विद्याधर आलड़िया, बजरंग जिनड़, ओंकार चौहान, शीशराम छाबड़ी, रामोतार जांगिड़ खरबासो की ढाणी, सुभाष शर्मा रामपुरा, भोलू कीर, बजरंग मीणा व रामनाथ खरबासा की ढाणी सहित दर्जनों लोक कलाकारों में स्थानीय संस्कृति पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर लुप्त हो रही लोक कलाओं से दर्शकों का मनोरंजन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी ने किया, श्रीहरि कालू महाराज एवम शनिदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में केड के पूर्व सरपंच प्रभु दयाल मेघवाल, सूबेदार चौथ मल कश्यप, सुमेर कटारिया, बजरंग लाल जाखड़, एम डी आर एस ग्रुप पंजी का बास, काशी राम कश्यप ककराना, विनोद यादव श्रीकृष्ण नगर, भोला राम जिलो, विनोद खरखड़ा, राजवीर खरखड़ा, मोहर सिंह आलड़िया, नरेश गुर्जर, विनोद छाबड़ी, गोपाल सिंह कश्यप, महेंद्र कश्यप, मोहर सिंह ककराना, रणजीत सिंह कश्यप, चिंटू अजय कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष सुभाष कश्यप तथा धन्यवाद नरेश गुर्जर ने किया।

सम्पादकीय

# एक नई जंग, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव



अमेरिका जिस तरह बीते कुछ दिनों से ईरान को चेतावनी देने के साथ ही उसकी घेरेबंदी कर रहा था, उससे ऐसा लगता था कि उसका उद्देश्य उससे वार्ता कर उसे इसके लिए बाध्य करना भर है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम का परित्याग कर दे, लेकिन उससे बातचीत के बीच ही उसने इजरायल संग उस पर हमला बोल दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

उसका साथ देने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हाउती भी आगे आ गए हैं। इसका परिणाम ईरान पर इजरायल एवं अमेरिका के हमले और तेज होने के रूप में ही सामने आएगा। इससे आपसी मतभेदों के दौर से गुजर रहे अरब जगत के साथ-साथ पश्चिम एशिया और अस्थिर तो होगा ही, तेल के दाम भी बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही विश्व शांति के लिए और गहरा संकट पैदा हो सकता है।

इसलिए और भी, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जनता से अपनी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा है कि लक्ष्य पूरा होने तक अमेरिका रुकेगा नहीं। ट्रंप का लक्ष्य केवल ईरान के परमाणु हथियार बनाने वाले तंत्र को ध्वस्त करना ही नहीं, बल्कि वहां सत्ता परिवर्तन करना भी है। इसीलिए ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के आवास पर भी हमले किए गए। यह जंग ऐसे समय शुरू हुई है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल बाद भी जारी है और पिछले दिनों अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भी युद्ध छिड़ गया।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य संघर्ष कहीं अधिक व्यापक असर वाला हो सकता है। इससे भारत भी प्रभावित होगा। उसके समक्ष न केवल पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रह रहे लाखों भारतीयों को निकालने की चुनौती पैदा हो सकती है, बल्कि महंगे कच्चे तेल की खरीदारी की बाध्यता भी। यह भी तय है कि इस जंग में वह किसी भी पक्ष के साथ खड़ा नहीं दिखना चाहेगा।

विशेष आलेख

# कठघरे में खड़ीं जांच एजेंसियां, नई व्यवस्था की जरूरत

"अदालत ने यह पाया कि पूरे मामले में कोई साजिश नहीं थी और सीबीआई ने केवल अनुमान के आधार पर षड्यंत्र की कहानी गढ़ी। विशेष जज ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मैं पहली बार ऐसी चार्जशीट देख रहा हूं, जिसमें इतनी अधिक खामियां हैं। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही।




दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में सीबीआई की राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपितों को बरी किया जाना जहां इन दोनों नेताओं और उनकी पार्टी के लिए एक बहुत बड़ी जीत है, वहीं जांच एजेंसी के साथ-साथ भाजपा के लिए बड़ा झटका है।

जब केजरवाल सरकार नई आबकारी नीति लाई थी तो कांग्रेस-भाजपा ने इसे घोटाले का नाम दिया। इसके बाद उपराज्यपाल की पहल पर मामला दर्ज हुआ और जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस दौरान ऐसे आरोप उछले कि आबकारी नीति के जरिये कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने से दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

इस मामले में सीबीआई के बाद ईडी ने भी दखल दिया, लेकिन सीबीआई का केस खारिज होने के बाद ईडी के मामले के भी खारिज होने के आसार हैं। इन दोनों जांच एजेंसियों ने इस कथित घोटाले को लेकर पर्याप्त साक्ष्य होने के दावे किए और फिर एक के बाद एक कई लोगों को गिरफ्तार किया। प्रमुख लोगों में पहले मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए और फिर अरविंद केजरीवाल। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकी।

हालांकि सीबीआई केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को बरी करने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट गई है, पर राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने उसके खिलाफ जैसी टिप्पणियां की हैं, उनसे यह संदेह होता है कि कहीं सीबीआई ने मनमाने तरीके से तो जांच नहीं की? यही सवाल ईडी को लेकर भी है। ध्यान रहे कि न जाने कितने ऐसे मामले हैं, जिनमें सीबीआई प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मिली शक्तियों के सहारे नेताओं, कारोबारियों समेत अन्य अनेक लोगों को घपले-घोटालों के आरोप में गिरफ्तार कर लेती है और फिर उनमें से अधिकांश साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते हैं, लेकिन जब तक ऐसा होता है, तब तक संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर आंच आ चुकी होती है और उसकी भरपाई नहीं हो पाती।

इसीलिए राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने कहा कि जब किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित हो जाती है तो उसके बरी होने के बाद भी वह सार्थक रूप से बहाल नहीं होती और अन्यायपूर्ण हिरासत से हुई क्षति की पूर्ति भी नहीं हो पाती। वास्तव में ऐसे लोगों को आर्थिक के साथ सामाजिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। नेता भी नुकसान उठाते हैं, लेकिन बरी होने के बाद वे लोगों की हमदर्दी हासिल कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करते हैं।

उन्हें यह प्रचारित करने में आसानी होती है कि वे राजनीतिक बदले की कार्रवाई का शिकार हुए। इस पर हैरानी नहीं कि केजरीवाल ने ऐसा कहना शुरू कर दिया है। उन्हें नई राजनीतिक ऊर्जा मिली है और इसका असर आने वाले दिनों में पंजाब, गुजरात और दिल्ली की राजनीति में दिख सकता है। चूंकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के वोट में सेंधमारी करती है, इसलिए उसका चिंतित होना स्वाभाविक है।

अब यह आम बात है कि घपले-घोटालों के कई मामलों में सीबीआई के साथ ईडी भी जांच शुरू कर देती है। जब ईडी किसी को गिरफ्तार करती है तो उसे जमानत मिलना कठिन हो जाता है। कई बार जमानत इसलिए नहीं मिलती, क्योंकि सीबीआई और ईडी की ओर से इस पर जोर दिया जाता है कि जेल से बाहर आने पर आरोपित गवाहों को प्रभावित कर सकता है। कहना कठिन है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट गई सीबीआई को क्या हासिल होगा, लेकिन जब तक हाई कोर्ट भिन्न निर्णय नहीं देता, तब तक भाजपा एवं मोदी सरकार को केजरीवाल और उनके साथियों की आलोचना का सामना करना होगा।

इसी के साथ सीबीआई और ईडी की भी किरकिरी होती रहेगी। आगे जो भी हो, यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि नेताओं के मामलों में राजनीतिक द्वेष के तहत भी कार्रवाई होती है और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग होता है। इसी कारण एक बार सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे का तोता कहा था। एक ओर नेताओं-नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के जिन मामलों की जांच सीबीआई या ईडी की ओर से की जाती है, उनमें से अधिकांश अदालत में ठहर नहीं पाते और दूसरी ओर यह देखने में आ रहा है कि उनके भ्रष्टाचार के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यह समझना कठिन है कि जब सीबीआई अथवा ईडी किसी को गिरफ्तार करती हैं तो जो अदालतें उसे जेल भेजती हैं, रिमांड पर देती हैं या फिर जमानत देने से मना करती हैं, वही उन्हें बरी करने के नतीजे पर कैसे पहुंच जाती हैं? जेल भेजने का काम तो अदालतें ही करती हैं, न कि जांच एजेंसियां।

पिछले दिनों एनसीईआरटी की ओर से आठवीं की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में न्यायपालिका के भ्रष्टाचार पर एक अध्याय को शामिल करने पर उसे सुप्रीम कोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी से इस पुस्तक को प्रतिबंधित भी करा दिया। इससे इनकार नहीं कि न्यायपालिका में जब-तब भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं, पर नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के मामलों की तो गिनती करना ही कठिन है। इसके चलते सरकार के इस संकल्प पर सवाल उठता है कि वह शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह सही समय है कि सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता पर गंभीरता दिखाए। इसी के साथ अब ऐसी व्यवस्था भी आवश्यक है कि सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियां बिना किसी ठोस साक्ष्य लोगों को मनमाने तरीके से गिरफ्तार न कर सकें और यदि उनके अधिकारी मनमानी करें तो उन्हें दंडित किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर बदले की कार्रवाई न हो सके और भ्रष्टाचार से लड़ा भी जा सके। इस मामले में सरकार के साथ न्यायपालिका को भी विचार करना होगा। उसे यह देखना होगा कि उसके फैसले यथाशीघ्र आएं।

स्वास्थ्य समाचार

## हार्ट ब्लॉकेज को नैचुरल तरीके से कैसे खोलें? इन टिप्स से मिलेगा फायदा

दिल की धमनियों में ब्लॉकेज की समस्या इन दिनों लोगों में काफी अधिक देखने को मिल रही है। लेकिन यह एक गंभीर समस्या है और इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इससे हार्ट अटैक, फेलियर और स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन स्थितियों के कारण व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो सकती है। इसलिए समय-समय पर इसकी जांच कराना और निगरानी रखना बहुत जरूरी है। अगर आपको पहले से हाई कोलेस्ट्रॉल या ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हैं, तो आपको अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।



### हार्ट के ब्लॉकेज खोलने के प्राकृतिक उपाय

पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें। आपका आहार संतुलित होना चाहिए। तनाव न लें, इससे धमनियों में दबाव बढ़ता है। शराब और स्मोकिंग से सख्त परहेज करें। शरीर का वजन अधिक न बढ़ने दें, इसे कंट्रोल करें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखें, साथ ही समय-समय पर इनकी जांच कराएं। पर्याप्त और अच्छी नींद लें शारीरिक रूप से एक्टिव रहें, दिनभर चलते-फिरते रहें नियमित एक्सरसाइज जरूर करें। कोशिश करें कि रोजाना कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें

### हार्ट में ब्लॉकेज क्यों होते हैं

ब्लॉकेज की समस्या तब होती है, जब हृदय को ऑक्सीजन और पोषण युक्त रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में प्लाक जमा होना शुरू हो जाता है। इसके कारण धमनियों संकुचित होने लगती हैं और उनकी दीवारें सख्त हो जाती हैं। प्लाक धमनियों में फैट, कोलेस्ट्रॉल और कई अन्य पदार्थों मिलकर बनता है। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो धमनियों की दीवारों पर जमा हो जाता है। यह धमनियों को ब्लॉक करती हैं, जिससे उनमें दबाव बढ़ने लगता है। क्योंकि इस स्थिति में रक्त का संचार ठीक से नहीं होता है और हृदय तक पर्याप्त ऑक्सीजन युक्त रक्त नहीं पहुंच पाता है, जो लंबे समय में हृदय रोगों का कारण बनता है।

## चेहरे पर लगाएं चिरौंजी और दूध से बना यह फेस पैक, बढ़ेगा ग्लो और दूर होगी कई परेशानियां

चिरौंजी का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी माना जाता है। चिरौंजी में मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसका इस्तेमाल आमतौर पर कई तरह की मिठाइयों को बनाने में किया जाता है। चिरौंजी सिर्फ आपके शरीर को पोषण देने और स्वाद के लिए ही नहीं बल्कि चेहरे से जुड़ी कई परेशानियों में भी बहुत उपयोगी होता है। इसमें मौजूद गुण स्किन का ग्लो बढ़ाने से लेकर दाग-धब्बे और पिगमेंटेशन को दूर करने में भी बहुत उपयोगी होते हैं। चिरौंजी में विटामिन बी, नियासिन, विटामिन सी समेत कई एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसका चेहरे पर इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं। चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक को चेहरे पर लगाने से आपको कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा मिलता है। चिरौंजी और दूध में मौजूद गुण और पोषक तत्व स्किन से जुड़ी कई गंभीर परेशानियों को दूर करने में बहुत उपयोगी होते हैं। चेहरे पर मौजूद डार्क सर्कल्स, दाग-धब्बे, मुहांसे दूर करने और निखार लाने के लिए चिरौंजी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**चेहरे का ग्लो बढ़ाए :** चेहरे का ग्लो वापस लाने के लिए चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। चिरौंजी में फैटी एसिड और प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा होती है। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन का रंग साफ होता है और ग्लो बढ़ता है।

**डार्क सर्कल्स हटाने में उपयोगी :** डार्क सर्कल्स हटाने के लिए भी चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। चिरौंजी चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों को हटाने और स्किन को निखारने का काम करता है। इसके अलावा चिरौंजी और दूध में मौजूद ब्लीचिंग गुण स्किन के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। आंख के आसपास मौजूद डार्क सर्कल्स को हटाने में भी चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल उपयोगी होता है।



**दाग-धब्बे दूर करने में फायदेमंद :** चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे और पिगमेंटेशन से छुटकारा पाने के लिए भी चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। इसका चेहरे पर इस्तेमाल करने से आपकी स्किन एक्सफोलिएट होती है और डेड स्किन सेल्स दूर होते हैं। नियमित रूप से चेहरे पर चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन साफ होती है।

**ड्राईनेस दूर करे :** ड्राई स्किन की समस्या में चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन मॉइश्चराइज होती है और स्किन को नमी मिलती है। दूध और चिरौंजी से बने फेस पैक का कुछ दिनों तक इस्तेमाल करने से आपको ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है।

**एक्ने और मुहांसे दूर करे :** स्किन पर मौजूद एक्ने और मुहंसों से छुटकारा पाने के लिए चिरौंजी और दूध का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण स्किन की अच्छी तरह से सफाई करते हैं और स्किन पोर्स में जमा गंदगी को बाहर निकालते हैं। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से आपको एक्ने और मुहांसों को दूर करने में फायदा मिलता है।

## नारियल की मलाई खाने से होते है यह फायदे

**पाचन दुरुस्त रखे :** नारियल की मलाई का सेवन पेट की काफी अच्छा माना जाता है। इसमें फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। मलाई का सेवन करने से पेट में गैस, ऐंठन, अपच और कब्ज की समस्या से राहत मिल सकती है।

**वजन घटाने में मददगार :** अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो आपको डाइट में नारियल की मलाई को शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखने में मदद करता है। इसे खाने से भूख जल्दी नहीं लगती है और वजन घटाने में मदद मिलती है। साथ ही, इसमें मीडियम चेन ट्रिगिसेरिडिस नामक हेल्दी फैट पाया जाता है, जो शरीर के अतिरिक्त वजन को कम करने में मदद करता है।

**ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखे :** डायबिटीज के मरीजों के लिए नारियल की मलाई बहुत फायदेमंद होती है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होता है। वहीं, इसमें फाइबर मौजूद होता है, जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसे खाने से ब्लड शुगर स्पाइक को रोकने में मदद मिलती है और इंसुलिन लेवल कंट्रोल में रहता है। डायबिटीज रोगी डॉक्टर से सलाह लेकर नारियल की मलाई का सेवन कर सकते हैं।

**दिल की सेहत के लिए फायदेमंद :** नारियल की मलाई का सेवन हमारे दिल की सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसमें सैचुरेटेड फैट मौजूद होता है, तो दिल के लिए अच्छा होता है। यह शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है और बुरे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। साथ ही, नारियल की मलाई में पॉलीफेनॉल मौजूद होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लडकर शरीर की कोशिकाओं को क्षतिग्रस्त होने से बचाते हैं। इसके सेवन से कई क्रोनिक बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।



## आज का राशिफल

**मेष**
संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृष**
भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है।

**मिथुन**
जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा।

**कर्क**
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह**
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या**
रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। यात्रा सफल रहेगी।

**तुला**
मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी।

**वृश्चिक**
निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**धनु**
भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है।

**मकर**
शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

**कुंभ**
कार्य पर ध्यान दें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

**मीन**
पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

# ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल : जयपुर में हेल्थ और इंश्योरेंस पर हुआ मंथन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और वित्तीय सुरक्षा के संदेश के साथ आयोजित ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। यह आयोजन जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस एवं गौमाया के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर फाउंडर हिम्मत सिंह नाथावत ने 6 व 7 फरवरी 2027 को पुन: आयोजन की घोषणा करते हुए स्वस्थ व सुरक्षित समाज के संकल्प को दोहराया। दूसरे दिन का ष्पिंक वूमेनिया सत्र आकर्षण का केंद्र रहा। वूमेन्स कार रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। आयोजक कन्नू मेहता ने इसे महिलाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने वाली पहल बताया। रैली में हेल्थ गतिविधियां, फूलों की होली व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुईं। को-फाउंडर भूपेंद्र सिंह, आर.के. व्यास और अजय शर्मा ने बताया कि शक्ति संवाद सत्र में अभिनेत्री सुधा चंद्रन, भाजपा महिला मोर्चा राजस्थान की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने महिलाओं के स्वास्थ्य व वित्तीय स्वतंत्रता पर विचार रखे। एंकर प्रीति सक्सेना के संचालन में 1000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ सातवां वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हुआ। इंश्योर इंडिया कॉन्क्लेव में उद्योग विशेषज्ञों ने अस्पताल-बीमा सहयोग, सर्जिकल इंश्योरेंस, रोबोटिक्स व ऑन्कोलॉजी सुरक्षा पर चर्चा की। 3000 से अधिक इंश्योरेंस एडवाइजर्स की सहभागिता से छठा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए जिसमें हर नागरिक को बीमा सुरक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया गया। दो दिवसीय आयोजन में कुल 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड बने और 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। विशेषज्ञ सत्रों में न्यूरोलॉजी, स्ट्रोक, डायबिटीज व लाइफस्टाइल बीमारियों पर जानकारी दी गई। आयोजन ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ समाज जागरूकता, सुरक्षा और सामूहिक भागीदारी से निर्मित होता है।

# श्याम महोत्सव संपन्न



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्री श्याम मंदिर नूंआ में श्री श्याम सेवा समिति नूंआ द्वारा आयोजित 47 वां श्याम महोत्सव संपन्न हुआ। समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर जालान ने बताया कि बाबा श्याम को 51 निशान अर्पण किए। एकादशी को बाबा का कीर्तन हुआ, कीर्तन में बाबा के भजनों से दर्शकों का मन मोह लिया। फागुन की बहार ढप पर मस्तियां लूटी। द्वादशी पर सुबह सवा 8 बजे बाबा की ज्योत के साथ भंडारा प्रसाद चालू हुआ जो सांय काल तक चलता रहा। हजारों की संख्या में लोगों ने मंदिर में दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। भारी संख्या में ग्रामवासी श्याम भक्त एवं गणमान्य जन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बिबाणी विकास समिति गठित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बिबाणी मुक्ति धाम विकास के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति में सर्वसम्मति से निर्विरोध पदाधिकारीयों की नियुक्ति की गई। मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, अध्यक्ष रवि कुमार पंसारी, सचिव राजकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष सीताराम सैनी, संरक्षक डॉक्टर एस एन शुक्ला,, झाबरमल पुजारी, राजकुमार तुलस्यान, सदस्य आनंद राणासरिया, पंकज जालान, विकास राणासरिया, प्रकाश पुरोहित, योगेंद्र तुलस्यान, विनोद टीबड़ा, कमल वाक्यांण, पुरेन्द्र त्रिपाठी, राजकुमार शर्मा,, झाबर मल पुजारी, डॉक्टर एसएन शुक्ला, सुनील सैनी, सुरेश सैनी, भरत कुमार तुलस्यान व काफी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। बिबाणी मुक्तिधाम विकास समिति का प्रतिनिधि मंडल विधायक राजेंद्र भांबू से मुलाकात कर मुक्तिधाम रिनोवेशन के लिए आग्रह किया गया है। हर रविवार को समिति सदस्यों द्वारा श्रमदान सेवाएं देने के लिए सहमति हुई। मुक्ति धाम में आने वाले व्यक्तियों के हाथ पांव धोने की व्यवस्था पर चर्चाएं की गई। शीघ्र ही विचार कर समस्या का समाधान किया जाएगा। मुक्तिधाम विकास समिति में नए मेंबर और जोड़ने का भी प्रस्ताव लिया गया।

# अग्रवाल महिला सम्मेलन ने मनाया फागोत्सव



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा फाग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया ने बताया कि मातृशक्ति ने श्याम बाबा के सुमधुर भजनों और लोकगीतों के माध्यम से वातावरण को फाल्गुनी रंग में रंग दिया। युविका और नायशा ने राधा कृष्ण के स्वरूप में शानदार प्रस्तुति दी। महिलाओं ने एक दूसरे के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली और धमाल गायकी के साथ नृत्य कर आयोजन को परवान चढ़ाया। मंत्री सुमन मिरनका ने होली पर्व की लोक रीति पर चर्चा करते हुए कहा कि यह न केवल सामाजिक समता के विकास का पर्व है, बल्कि यह प्रकृति की आराधना का पर्व है। इस अवसर पर अनु तोदी, रितु गाड़ोदिया, किरण कंदोई, राखी तोदी, संजना जालान, सुमन जाजोदिया, रेनू तोदी, दीपा तोदी, सुमन खेतान, पायल सर्राफ, नीलिमा मंगलूनिया, सपना बेड़ियांए अंशु मोर, मोनिका शोभासरिया, हेमलता धनावत, निशा मनीष खेतान, पूजा अग्रवाल, मानसून पंसारी, राधिका खेतान, अंजू जालान, सपना बेड़िया, कविता खेतान, बिंदु फतेहपुरिया, सुनीता न्यामावाला, चंद्रकला तोदी, दीपिका मोरए संतोष खेतान, शिवानी खेतान आदि समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय रतन देवी सेठिया सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी अध्यापिका कविता बोहरा के निर्देशन में संपन्न हुई। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या रजनी शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए ज्वालामुखी, वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर सिस्टम, वॉटर प्यूरीफायर, अर्थक्वेक अलार्म, मानव हृदय संरचना, इलेक्ट्रॉनिक बेल जैसे विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। छात्रों द्वारा एक आकर्षक रोबोट सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किया गया, जो सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उप प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र जांगिड़ व शबाना चौधरी ने भी विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# बाबा भोमिया के वार्षिकोत्सव व विशाल मेला आज

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** लोटिया पंचायत के फतेहपुरा गांव में सोमवार को बाबा भोमिया के वार्षिकोत्सव व विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। मेला कमेटी के अभिषेक शर्मा ने बताया कि रविवार रात्रि को वार्षिकोत्सव के दौरान मंदिर में गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी जायेगी। सोमवार को विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। खेलकुद प्रतियोगिताओं में कुश्ती दंगल, कबड्डी व दौड़ का आयोजन होगा जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मेला कंमेटी द्वारा उचित ईनाम दिया जायेगा।

# शिवाजी सेवा संस्थान का रंगरुड़ौ फाग उच्छब पर निकली अनोखी बिन्दोरी

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकारों की अग्रणी संस्था शिवाजी सेवा संस्थान की ओर से होली पर्व के उपलक्ष में 4 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत आज रविवार तीसरे दिन शिवाजी सेवा संस्थान बगीची से अनोखी बन्दोरी को हरी झंडी दिखाकर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टूकलपनाकातं व संस्थान अध्यक्ष किशोरीलाल बील ने रवाना किया। अनोखी बन्दोरी में लुहार-लुहारी का करने का तरीका, महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा, नागीन डांस, व्यासपीठ से अनुरुद्राचार्य महाराज, बाईराम, बाबा बालक नाथ, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासर के साथ विधायक पुसाराम गोदारा का नामांकन दृश्य, दूध वाले गुजर मोटरसाइकिलों पर, डांस करती बालाएं रहे आकर्षकण का केंद्र रहे। वहीं बन्दोरी में चंग मंडली फाल्गुनी गीतों के साथ, डिजे पर थिरकते युवा, गोगा निशान यात्रा, लव जिहाद झांकी, गणगौर पुजती कन्याएं, ड्रम कांड, शिव दरबार, राम दरबार, नाचते बंदर का समुह, राम लक्ष्मण घोड़े पर सवार सहित कई झांकीया देखने के लिए उमड़ी हजारों की भीड़ के लिए आकर्षकण का केंद्र रही। दूसरी ओर दर्जनों रोचक स्वांग के साथ कालाकरों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां बाजार में प्रतिक्षा में खड़े हजारों लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शहर के प्रमुख बाजारों से निकलने वाली बन्दोरी का लोगो ने जगह जगह पानी, चाय व ठंडे पेय के साथ स्वागत किया। बन्दोरी में बनवारीलाल महेरीवाल, शंकरलाल गुरावा, जयदेव प्रसाद माली, श्याम पारीक, देवानंद पिपलवा, सुशील हारीत, किशोर बिजारणियां, मुरलीधर मंडगिरा, भाजपा नेता अरविंद इन्दौरिया, विनोद डागा, विकास रिणवा, कुनाल व्यास, संजय भोजक, मनोज सैनी, गोविन्दप्रसाद सोनी, हरिप्रसाद माली, बनवारीलाल बील, मनीष रिणवा, भिखाराम पारीक, मनोज जोशी, अशोक वर्मा, रामोतार नोखवाल, रामस्वरूप मिटावा, सुभाष वर्मा, केशव परोहित, भंवरलाल माली, रामावतार नौहाल सुरेन्द्र नौहाल, बनवारी स्वामी, रामचंद्र माली, महावीर पीपलवा, गौपाल पारीक, हिरालाल नोहाल, गणेश सोनी, पवन सोनी, कोटिल्य पारीक, प्रकाश प्रजापत रामकिशन सैनी सहित सैकड़ों गणमान्यजन उपस्थित थे।

# 22 जाट रेजीमेंट यूनिट के सैनिकों का किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** 22 जाट रेजीमेंट यूनिट की 55 सदस्य टीम नायब सूबेदार मुकेश शेशमा के नेतृत्व में सुजानगढ़ पहुंची, जिसका भोजलाई चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक के नेतृत्व में स्वागत किया गया। नायब सूबेदार मुकेश शेशमा ने बताया कि 8 मार्च को चूरू में होने वाली एक्स सर्विसमैन रैली को लेकर भूत पूर्व सैनिक परिवारों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लेने की अपील की जा रही है। रतनलाल ढ़ाका ने कहा कि युद्ध विधवा, वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनपे आश्रित परिवारजनों की समस्याओं का रैली में मौके पर ही समाधान किया जायेगा, क्योंकि समस्याओं से सम्बंधित अधिकारी इस रैली में चूरू में अपनी स्टॉल लगायेंगे। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में हम लोगों को चूरू चलना है। वहीं राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने होली की बधाईयां देते हुए दुपट्टा व माला पहनाकर सैनिकों का स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कीलक ने भूतपूर्व सैनिक परिवार सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में 8 मार्च को चूरू स्टेडियम में पहुंचने की अपील की। उन्होंने सभी सैनिकों को होली की बधाई देते हुए उनको गुलाल भी लगाया। इस अवसर पर नायब सूबेदार बलवान, हवलदार मुकेश, राकेश, नायक महेंद्र, एक्स हवलदार रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

# डीटीओ इंस्पेक्टर ने वाहन चालक को किया लहुलूहान, वीडियो वायरल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** डीटीओ कार्यालय में कार्यरत इंस्पेक्टर सुरेश विश्नोई पर आम व्यक्ति का सिर फोड़कर उसे लहु लूहान करने का विडियो वायरल शोसल मीडिया पर हो गया। दरअसल विडियो रतनगढ़ क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां पर बिना प्रोफेशनल ड्रेस कोड में सुजानगढ़ डीटीओ इंस्पेक्टर सुरेश विश्नोई द्वारा एक व्यक्ति वाहन चालक का मोबाईल छीना जाता है, जिसको वापस देने के लिए बार-बार वाहन चालक गुहार लगाता विडियो में नजर आ रहा है। दूसरी ओर इंस्पेक्टर साहब अपनी धौंस जमाते हुए वाहन वालक को डांटते नजर आ रहे हैं। इस दौरान आस-पास के लोग भी इंसानियत बरतने की इंस्पेक्टर से रिक्वेट करते सुनाई दे रहे हैं।

लेकिन फिर भी इंस्पेक्टर ने आव.देखा न ताव और अपने सिर से वाहन चालक के सिर को जोरदार टक्कर जान बूझकर मार दी। जिससे वाहन चालक लहुलूहान हो गया। वहीं घटना के बाद इंस्पेक्टर साहब बैकफुट पर नजर आते हैं और हॉस्पीटल ले जाने की बात कहके सिम्पेथी जताने का नाटक भी कर रहे हैं। लेकिन जब बात नहीं बनी, तो इंस्पेक्टर साहब वहां से निकल लिए। विडियो वायरल होते ही लोग अब विवादित इंस्पेक्टर पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। वहीं इंस्पेक्टर के इस अमानवीय कृत्य से यह बात तो समझ में आती है कि इंस्पेक्टरी साहब ड्यूटी पर तो आ गए, लेकिन वर्दी और इंसानियत दोनों ही धारण करना भूल गए।

अब गेंद सरकार के पाले में है कि विवादित इंस्पेक्टर पर कब कार्यवाही सामने आती है।

# युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोटखावदा थाना इलाके में गत 23 फरवरी को फंदे से लटकर आत्महत्या करने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। मृतक के भाई ने हलवाई ठेकेदार पर मेहतन के पैसे नहीं देने और मारपीट कर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हलवाई ठेकेदार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित जगरामपुरा निवासी रामअवतार गुर्जर ने शनिवार किो मामला दर्ज कराया है कि उसका भाई जीतू गुर्जर 33 ने ठेकेदार भोलूराम के टॉर्चर से परेशान होकर 23 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ आज तारानगर में

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ 2 मार्च को सुबह 10 बजे तारानगर में कार्यकर्ताओं व लोगों से होली की रामा-श्याम करेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल ने बताया कि राठौड़ पहले भाजपा कार्यालय में आकर वंहा कार्यकर्ताओं से मिलेंगे व इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में व्यापारियों, लोगों व आमजन से होली की रामा-श्याम करेंगे। इस मौके पर उनके साथ अनेक भाजपा नेता, पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# होली व धुलंडी पर्व को देखते हुए सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** आगामी होली व धुलंडी के त्यौहार को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदशन व आरपीएस विकास धींधवाल के निर्देशन में प्रोबे. आरपीएस थानाधिकारी दौलतराम के नेतृत्व में थाना परिसर में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्य, आशा सहयोगिनी, ग्राम रक्षक व व्यापार मंडल के सदस्यों सहित कस्बे के प्रबुद्धजन मौजूद रहे। पुलिस ने होली व धुलंडी के त्यौहार को शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने सदस्यों द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान व कस्बे में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को सुरक्षा मुहैया कराने का संदेश दिया।

# महिला स्वास्थ्य व ट्रैफिक अवेयरनेस का संदेश लेकर निकली पिंक वुमनिया कार रैली

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार सुबह शहर में जोलो लेबल पिंक वुमनिया फन कार रैली उत्साहपूर्वक निकाली गई। सुबह 7 बजे मानसरोवर स्थित सिटी पार्क से शुरू हुई रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई बिड़ला ऑडिटोरियम पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल में इसका समापन हुआ। महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस और ड्राइविंग कौशल को प्रोत्साहित करने तथा महिला स्वास्थ्य व ट्रैफिक जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से पिंक वुमनिया लेडीज क्लब द्वारा आयोजित रैली को जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, फाउंडर कनु मेहता, आईएएस नीरज केण् पवन, एडीजी ट्रैफिक डॉ. बी.एल. मीणा सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बिड़ला ऑडिटोरियम पहुंचने पर जस्ट हेल्थ एंड वैलनेस से हिम्मत सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। फाउंडर कनु मेहता और डायरेक्टर संकुल मेहता ने बताया कि रैली में 100 से अधिक सजी-धजी कारों में करीब 500 महिलाओं ने भाग लिया। महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थानी वेशभूषा के साथ पुलिस व डाकू थीम पर सजी महिलाओं के समूह आकर्षण का केंद्र रहे। श्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और महिलाओं की शक्ति-देश की उन्नति जैसे संदेशों से सजी कारों ने जन जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। ट्रैफिक अवेयरनेस थीम पर सजी कार ने विशेष ध्यान खींचा। रैली के दौरान महिलाओं ने संगीत की धुनों पर डांस और फूलों की होली का आनंद लिया। समापन पर महिला स्वास्थ्य विषयक टॉक शो आयोजित हुआ तथा विजेताओं को ट्रॉफी, मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन ने महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

# गोकाष्ठ से करें होलिका दहन, पर्यावरण रहेगा सुरक्षित : कुमावत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने रंगों और खुशियों के पावन पर्व होली की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ईश्वर करे यह होली आपके जीवन में प्यार सौहार्द और सकारात्मकता के नए रंग भर दे।

बुराइयों को मिटाकर जीवन में सुख-समृद्धि की बहार आए। श्री कुमावत ने इस बार होलिका दहन के लिए गोकाष्ठ के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण मानव जीवन का मूल आधार है।

इसी सकारात्मक सोच को लेकर इस बार होलिका दहन गाय के गोबर की लकड़ी यानी गोकाष्ठ से करें। गोकाष्ठ से होलिका दहन का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसके जरिये आप गोसंवर्धन का पुण्य भी अर्जित कर सकते हैं। गोकाष्ठ के इस्तेमाल से हम कहीं न कहीं गाय के संवर्धन की दिशा में एक सार्थक कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गोकाष्ठ से होलिका दहन को शास्त्र सम्मत भी बताया गया है। यह जैविक ईंधन भी है। यह लकड़ी की तुलना में पर्यावरण के ज्यादा अनुकूल है। गोकाष्ठ जलने पर कम धुआं और कम कार्बन का उत्सर्जन करता है। विशेषज्ञों के अनुसार इसके प्रयोग से प्रदूषण लकड़ी की तुलना में 35 प्रतिशत कम होता है।

गोकाष्ठ का धुआं वातावरण को प्रदूषित करने के बजाय शुद्ध करता है। साथ ही यह लकड़ी की तुलना में ज्यादा तेजी से जलता है।

गोकाष्ठ के इस्तेमाल से इसकी बची हुई राख भी हमारे काम की है। आप इसे अपने बगीचे में बिखेर सकते हैं। यह जमीन की उर्वरक क्षमता तो बड़ाएगी ही, साथ ही प्राकृतिक कीटनाशक का काम भी करेगी। यदि गोकाष्ठ उपलब्ध न हो तो आप लकड़ी के स्थान पर गाय के गोबर से निर्मित कंडों से होलिका दहन कर गो संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति दायित्व निभा सकते हैं।

आपका यह प्रयास हमारी पुरातन संस्कृति और गोमाता संरक्षण में सार्थक सिद्ध होगा। आइए, पर्यावरण को साफ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाएं।

# विवाहिता से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एक विवाहिता को डरा धमका कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने बताया की जयपुर की रहने वाली विवाहिता का आरोप है कि आरोपी युवक पड़ोस में रहता है। जिसके कारण दोनो की जान पहचान हुई। गत दिनों पहले वो विवाहिता घर पर अकेली थी। आरोपी पड़ोसी युवक उसे घर पर अकेला पाकर अंदर आया और उसके साथ जबदस्ती करने लगा। विवाहिता के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच की और डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। विवाहिता ने लोक लाज के भय से पहले तो किसी को कुछ नहीं बताया और गुमसुम रहने लगी। गुमसुम रहने के कारण पूछने पर विवाहिता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। गुस्सा, परिजनों ने विवाहिता को थाने ले जाकर आरोपी युवक के खिलाफदुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे दबोच लिया।

# धुलण्डी पर 3 मार्च को दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी मेट्रो सेवा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** धुलण्डी के अवसर पर 3 मार्च मंगलवार को जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की यात्री सेवाएं आंशिक रूप से बंद रहेंगी। निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार सुबह 5:20 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेट्रो ट्रेनों का संचालन स्थगित रहेगा। इसके बाद दोपहर 2:10 बजे से रात्रि 10:21 बजे तक मेट्रो सेवाएं अनवरत संचालित की जाएंगी। मेट्रो प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि धुलण्डी के दिन वे मेट्रो में यात्रा का आनंद लेंए लेकिन मेट्रो परिसर, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में रंग डालने, रंग खेलने या हुड़दंग करने की सख्त मनाही रहेगी। यात्रियों के लिए गुलाल, रंग, पानी से भरी पिचकारियां, गुब्बारे और बोतलें ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। रंग से सने कपड़ों के साथ मेट्रो परिसर व ट्रेनों को गंदा करने पर भी रोक रहेगी। नशे की अवस्था में मेट्रो परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मेट्रो रेलवे ऑपरेशन व मेन्टीनेन्स एक्टए 2002 के तहत मेट्रो ट्रेनों और परिसरों को गंदा करने पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया ने जयपुर वासियों और मेट्रो यात्रियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 3 मार्च धुलण्डी को संचालन समय में किए गए आंशिक बदलाव को ध्यान में रखते हुए यात्री अपनी यात्रा की पूर्व योजना बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णत: वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## रामरंग होली फागोत्सव

# भक्ति और संस्कृति के रंगों में सराबोर हुआ जयपुर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के अशोका क्लब जयपुर में रामरंग होली फाग उत्सव का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और भारतीय परंपराओं के विविध रंगों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। गुरु रामचंद्र दास महाराज ने होली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल रंगों का नहीं, बल्कि जीवन में आनंद, प्रेम और सकारात्मकता के संचार का पर्व है। उन्होंने संदेश दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी टेसू के फूलों जैसे प्राकृतिक रंगों से जीवन में उल्लास भरना ही होली का वास्तविक अर्थ है। इस अवसर पर रामानंद मिशन के पंचसूत्र-सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और संस्कार-पर विशेष प्रकाश डाला गया तथा इन्हें समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के प्रयासों की जानकारी दी गई। स्वागत संबोधन में आईएएस रुति भारद्वाज ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए मिशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

आईएएस के.के. पाठक ने श्रीकृष्ण भक्ति और फाग परंपरा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। वहीं इस कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ एवं वित्त आयोज अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य आकर्षण ब्रज होली टीम द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली और मनमोहक नृत्य प्रस्तुति रही। जिसमें श्रद्धालु फाग भक्ति के रंग में रंग गए।

# नि:शुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर 5 को

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** शिक्षक हीरालाल बुगालिया की 8 वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक निवास स्थान पर निशुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर लगाया जाएगा। अभिषेक बुगालिया ने बताया कि शिविर बीपी, शुगर, रक्त की ईसीजी की भी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में डॉ जेपी बुगालिया, डॉ सन्दीप बेनीवाल, डॉ जयपाल बुगालिया, डॉ नन्दकिशोर टीबड़ा व डॉ शुभम बुगालिया रोगियों की जांच कर दवा देंगे।

## आम सूचना

मेरे पिताजी शिवचन्द मांठ पुत्र मोहनलाल मांठ के नाम से एक मोटर साईकिल हीरो होण्डा RJ 18 SD 2498 व एक महेन्द्रा बुलेरो RJ 14 UB 0960 है। मेरे पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 7-2-2026 को हो चुका है। अब उक्त वाहन को मेरी माताजी रामप्यारी मांठ पत्नी शिवचन्द मांठ अपने नाम करवाना चाहती है अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**रामस्वरूप मांठ पुत्र शिवचन्द मांठ, जाति-जाट**
**निवासी-कारी, तहसील-नवलगढ़, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

# नेत्रदान : जयपुर में झुंझुनू के छविंदर वर्मा पूर्व सीएम राजे द्वारा सम्मानित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा रविवार को नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह का आयोजन जयपुर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रहीं। समारोह में प्रदेशभर से आए नेत्रदानी परिवारों को उनकी प्रेरणादायी पहल के लिए सम्मानित किया गया। जयपुर स्थित श्रीहरिश्चंद्र तोतूका सभा भवन, नारायण सिंह सर्किल में आयोजित कार्यक्रम में झुंझुनू जिला मुख्यालय निवासी छविंदर वर्मा को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के निधन के बाद नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वसुंधरा राजे ने कहा कि नेत्रदान को महादान कहा गया है। किसी व्यक्ति के इस दुनिया से जाने के बाद भी उसकी आंखें दूसरों के जीवन में उजाला भर सकती हैं। उन्होंने छविंदर वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी धर्मपत्नी भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनकी आंखें आज भी किसी की जिंदगी में रोशनी बनकर जीवित हैं। यह कार्य न केवल मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है बल्कि अंधत्व निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। राजे ने उपस्थित परिवारों से अपील की कि वे समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ें और अंधता निवारण अभियान को मजबूती मिले। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नेत्रदानी परिवारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सोसायटी के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं परिवारों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के प्रेरक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

### छविंदर वर्मा ने कहा

मेरी धर्मपत्नी के निधन के बाद नेत्रदान का निर्णय हमारे परिवार के लिए भावनात्मक क्षण था लेकिन यह संतोष है कि उनकी आंखें आज भी किसी के जीवन में उजाला फैला रही हैं। यदि हमारे इस छोटे से कदम से किसी की दुनिया रोशन हुई है तो यही हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। मैं सभी से नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील करता हूं।

# धारदार हथियारों से हमला कर नकदी लूटी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवदासपुरा थाना इलाके में अज्ञात बदमाशों ने कॉलोनी के बाहर फोन पर बात कर रहे युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर उसका कान काट दिया और उसकी जेब से हजारों की नकदी लेकर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर परिजन दौड़ कर मौके पर पहुंचे और गंभीर घायल अवस्था में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पर्चा बयानों के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफमामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। एसआई लेखराज ने बताया की थाना इलाके में स्थित बरखेडा निवासी वकील शर्मा 45 गुरुवार रात करीब 8 बजे कॉलोनी के बाहर मंदिर के समीप किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। तभी अचानक से आए तीन.चार बदमाशों ने वकील शर्मा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। और उसका कान काट दिया। खून निकलता देख पीड़ित वकील शर्मा रोड पर ही गिर गया। जिसके बाद अज्ञात बदमाश उसकी जेब से 20 हजार रुपए और कटे हुए कान को भी अपने साथ लेकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत मामले की जानकारी परिजनों को दी। घबराए परिजन वकील शर्मा को गंभीर घायल अवस्था में मानसरोवर के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित विजेंद्र की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफजानलेवा हमला कर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश करने में जुटी है।

# गिंदड़ में एससी आयोग अध्यक्ष ने किया नृत्य



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के दडीबा करणी माता मन्दिर के पास नगरपालिका और गींदड़ समिति के तत्वावधान में शनिवार की रात्रि में गींदड़ चौक में चल रहे पांच दिवसीय फाग महोत्सव लोक नृत्य कार्यक्रम में अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री राजेंद्र कुमार नायक पहुंचकर नगरवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, भाजपा नेता भंवर सिंह राठौड़, समिति के अध्यक्ष रामावतार मारोठिया के साथ राज्य मंत्री नायक ने गिंदड़ नृत्य किया। गिंदड़ नृत्य में राजस्थानी वेशभुषा में सजे धजे नृत्य कलाकारों ने नगाड़े की धून पर देर रात्रि तक लोक नृत्य कर दर्शकों को बांधे रखा।

# 12 मार्च को लगेगा विशेष शिविर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दूर दराज क्षेत्र के पेंशनर्स को अपनी परिवेदनाओं शिकायतों के समाधान के लिए संभाग स्तर पर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क करना पड़ता है। पेंशनर्स की मुख्य परिवेदना जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के भुगतान से सम्बंधित होती है। पेंशन विभाग द्वारा कोष कार्यालय स्तर पर पेंशनर्स की परिवेदनाओं के निवारण के लिए 12 मार्च को प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपकोष पेंशन झुंझुनू में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए अतिरिक्त कोषाधिकारी पेंशन प्रेरणा कालेर को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बाड़मेर के विद्यार्थियों ने ली हरीतिमा ढ़ाणी के बारे में जानकारी

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की हरितिमा ढाणी में बाड़मेर की कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 150 बालिकाओं ने प्रकृति के विभिन्न सोपानों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि बाड़मेर एवं चूरू में प्राकृतिक धरोहर पानी की बूंद-बंद को काम लेना अति आवश्यक है और उसी के फलस्वरूप मरुस्थल में भी हरियाली प्रस्फुटित हो पाई है। संस्था प्रधान राज राजेश्वरी ने बताया कि बाड़मेर में भी नहाने, कपड़े धोने के पानी से बालिकाओं ने पेड़ो को जिंदा रखा है। प्रिंसिपल पुष्पेंद्र सिंह, गोवर्धन सिंह अध्यापक, बहादुर सिंह अध्यापक, संतोष सहायक वार्डन ने भी विचार प्रकट किए।

मैना, कमला, प्रियंका, छगनी, रेशु, पूजा, निकिता, नरपत, भावना आदि ने गीत प्रस्तुत किया। गोपालपुरा की भंवरी, कमली, संतोष, गोगल कंवर आदि ने कन्या वंदन करते हुए सभी बालिकाओं का तिलकर्चन किया। बाबूलाल, गोपाल, दीपचंद गिलड़ा, नि. उप सरपंच गणपतदास स्वामी आदि व्यवस्थाएं संभाली। सविता राठी ने फूलों की होली भी बालिकाओं के साथ खेली, बालिकाओं ने राठी को उनका हस्त निर्मित नाम लिख कर भेंट किया गया।

# तिथि को लेकर व्याप्त भ्रम दूर : चंद्रग्रहण के सूतक का होलिका दहन और रंगों की होली पर कोई विशेष प्रभाव नही

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में होलिका दहन 2 और 3 मार्च की मध्य रात्रि में होगा जिसके बाद 3 मार्च की सुबह रंगों की होली खेली जाएगी। ज्योतिष विद्वानों के अनुसार इस दौरान लगने वाले चंद्र ग्रहण के सूतक का होलिका दहन और रंगों की होली पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। शहर के प्रमुख आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में होलिका दहन से पहले ही 2 मार्च को रंगों और फूलों की होली खेली जाएंगी। इस अवसर पर शहर के लोग दर्शन के लिए ठाकुर जी के दर पहुंचेंगे और सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार कुछ लोग 3 मार्च को होली जलाने की बात कर रहे हैं, जबकि सही तिथि 2 मार्च ही है। फाल्गुन पूर्णिमा जब प्रदोष काल में रहती है। उसी दिन होलिका दहन किया जाता है। इस साल पूर्णिमा 2 मार्च को शाम 5.56 मिनट से शुरू होकर 3 मार्च को शाम 5.08 मिनट तक रहेगी। वहीं 3 मार्च को सूर्यास्त से पहले पूर्णिमा समाप्त हो जाएगी, इसलिए उस दिन प्रदोष काल में पूर्णिमा नहीं रहेगी। इसी कारण 2 मार्च को ही होलिका दहन का निर्णय शास्त्र सम्मत माना गया है। 2 मार्च की रात भद्रा का प्रभाव रहेगा और भद्रा में होलिका दहन नहीं किया जाता है। लेकिन भद्रा के मुख को छोड़कर पुच्छ में दहन करना श्रेष्ठ माना गया है। इसलिए 2 मार्च की अर्धरात्रि के बाद यानी 3 मार्च की रात 1.26 मिनट से 2.38 मिनट के बीच होलिका दहन करना सर्वश्रेष्ठ रहेगा। धुलंडी होलिका दहन के ठीक अगले दिन सूर्यास्त से पहले मनाई जाती है। इस बार 3 मार्च को सुबह 6.55 मिनट से सूतक शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी है। धुलंडी होलिका दहन के अगले दिन ही मनाई जाएगी। चंद्रग्रहण के सूतक का इस पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं राजस्थान सरकार ने भी प्रदेशभर में होली के अवसर पर 2 मार्च को होलिका दहन और 3 मार्च को धुलंडी का अवकाश घोषित किया है।

# दुर्गा माता मंदिर में महिलाओं ने खेली होली, गूंजे फाग के स्वर



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव के दुर्गा माता मंदिर परिसर में महिलाओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ होली उत्सव मनाया। मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुई महिलाओं ने पहले मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना कीए इसके बाद गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान फाग गीतों और भजनों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। छोटी बच्चियों ने भी रंग-गुलाल से होली खेलकर उत्सव में चार चांद लगा दिए। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हैं। होली के इस पावन अवसर पर गांव में उल्लास और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

# पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

## मदुरै में बोले-विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान

चेन्नई।

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी स्त्ररू रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है।

इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

### तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं, अपराध बढ़ रहा है- मोदी

हाल ही में मैंने सुना कि डीएमके के किसी व्यक्ति ने कहा कि उन्हें मेरे पिता या मुझसे डर नहीं लगता। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में कोई किसी से नहीं डरता। इसलिए, जब कोई कहता है कि उन्हें मुझसे डर नहीं लगता, तो वे मेरी आलोचना नहीं कर रहे हैं; बल्कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की सराहना कर रहे हैं। आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं। उन्हें याद आता है कि अम्मा के समय उनका जीवन कितना बेहतर था।




### डीएमके का मॉडल है- पैसा खुद का, समस्याएं जनता की- मोदी

डीएमके मदुरै में माफिया-शैली की राजनीति लेकर आई। उन्होंने खराब सड़कें, खराब जल निकासी व्यवस्था और अपशिष्ट प्रबंधन का अभाव पैदा किया। उन्होंने मदुरै को स्वच्छता के मामले में राष्ट्रीय रैंकिंग में सबसे निचले पायदान पर पहुंचा दिया। यहां तक कि भ्रष्टाचार के कारण मदुरै के डीएमके मेयर को भी इस्तीफा देना पड़ा। यही उनका मॉडल है, पैसा खुद के लिए, समस्याएं जनता के लिए!

### डीएमके ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया- मोदी

2021 में, 25 लंबे वर्षों के बाद, डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला। लेकिन उन्होंने सुशासन नहीं दिया। उन्होंने वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देते हुए राज्य को लूटा और जनता की आकांक्षाओं को नजरअंदाज किया। मदुरै को देखिए। मदुरै ने एमजीआर का साथ दिया, जिन्हें इस शहर से बेहद प्यार था; यही कारण है कि डीएमके ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया।

### कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं- मोदी

कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं। जब वे एनडीए की विशाल रैली देखेंगे, तो उनके सपने बुरे सपने में बदल जाएंगे। लोग जानते हैं कि ये चुनाव राज्य के लिए निर्णायक मोड़ हैं। मैं देख सकता हूं कि तमिलनाडु ने अपना मन बना लिया है। जनता ने फैसला कर लिया है।

**फार्म-4**
**( नियम 8 देखिए )**

| | | |
|---|---|---|
| 1.प्रकाशन का स्थान | : | दांतारामगढ़ (सीकर) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | सपना शर्मा |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : | हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | नहीं |
| पता | : | प्लांट नं. 88, तहसील के पीछे, दांतारामगढ़ (सीकर) राज. |
| 4.प्रकाशक का नाम | : | सपना शर्मा |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : | हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | नहीं |
| पता | : | प्लांट नं. 88, तहसील के पीछे, दांतारामगढ़ (सीकर) राज. |
| 5.सम्पादक का नाम | : | सपना शर्मा |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : | हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | नहीं |
| पता | : | 144 ब्राह्मणों का मौहल्ला, गढ़ला कलां झुंझुनू राज. |
| 6.उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार (एकमात्र स्वामी) हों। | : | सपना शर्मा |

मैं सपना शर्मा एतदद्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

(सपना शर्मा)
प्रकाशक के हस्ताक्षर

दिनांक : 1 मार्च 2026

# विशाल निशान पदयात्रा का आयोजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पदयात्रा सेवा मित्र मण्डल के तत्वाधान में रविवार को किरण पथ, मानसरोवर स्थित श्री टिबेश्वर शिव हनुमान मंदिर से प्रात: 8 बजे विशाल पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। पदयात्रा का शुभारंभ गणेश वंदना और बाबा श्री श्याम की आरती के साथ हुआ। पदयात्रा किरण एरजत पथ होते हुए हीरा पथ पहुंची । जहां पर समाजसेवी जितेंद्र आकड़ ने श्रद्धालुओं को अल्पहार में कचौरी का वितरण किया। जिसके पश्चात विभिन्न मार्ग से होते हुए पदयात्रा ब्राहाण की थड़ी एन्यू सांगानेरी रोड़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची। जहां पर श्रद्धालुओं ने बाबा को निशान भेंट किया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश गुप्ता, अंशु खण्डेलवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी ये 6वीं पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए श्रद्धालुओं ने बाबा को निशान अर्पण किए है। पदयात्रा सेवा मित्र मंढल की के तत्वावधान में रस निशान पदयात्रा मंडल की ओर से पदअधिकारियों समेंत कई व्यापारियों की ओर से श्रद्धालुओं को अल्पहार करवाने के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण की फोटो और दुप्पटा पहनाकर सम्मानित किया गया।

# अणुव्रत स्थापना दिवस मनाया



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के थान सुथान में रविवार को अणुव्रत समिति के तत्वाधान में 78 वां अणुव्रत स्थापना दिवस समिति के अध्यक्ष दानमल बांठिया की अध्यक्षता में मनाया गया। समिति के मंत्री नवल किशोर मीणा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सभी द्वारा अणुव्रत ध्वजारोहण के पश्चात महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण एवं समिति अध्यक्ष दानमल बांठिया के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्व प्रथम अणुव्रत आचार संहिता का वाचन एवं समिति मंत्री मीणा द्वारा उपस्थित सभी को शपथ दिलवाने के साथ ही सामूहिक अणुव्रत गीत संगान के पश्चात तेरापंथ सभा के मंत्री हनुमान मल सेठिया एवं महिला मंडल अध्यक्षया मंजू बोथरा, ज्ञान शाला से भावना दूगड़, कन्या मंडल से दिव्या दूगड़ एवं साध्वी रामवती ने अणुव्रत पर भाषण के माध्यम से विस्तार से अणुव्रत की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता पर विचार प्रस्तुत करने के उपरांत बीदासर समाधि केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजू यशा ने सभी से अणुव्रत को कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखकर मनुष्यों द्वारा धरातल पर जीवन में गृहण करने का संदेश दिया।

# रौद्र संवत्सर का आरंभ 19 मार्च से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होगा। वर्ष भर होने वाले धार्मिक संकल्प, पूजा-पाठ और अनुष्ठानों में संकल्प संवत्सर के रूप में रौद्र नाम का उच्चारण किया जाएगा। नवसंवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र का भी शुभारंभ होगा, जो शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व है। भारतीय पंचांग के अनुसार इसी दिन से नव संवत्सर का आरंभ माना जाता है, जिसे सृष्टि के नवचक्र की शुरुआत का प्रतीक भी कहा गया है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष ब्रह्मांडीय व्यवस्था में विशेष परिवर्तन होगा तथा देव गुरु बृहस्पति सृष्टि की सत्ता के प्रमुख अधिष्ठाता माने जाएंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार संवत 2083 का नाम रौद्र संवत्सर होगा, जिसका स्वभाव तीव्र और परिवर्तनकारी माना जाता है। रौद्र संवत्सर का प्रभाव प्राकृतिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकता है। इस दौरान मौसम में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। गर्मी के मौसम में कहीं अत्यधिक तापमान और लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है, वहीं कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। इसके विपरीत कुछ स्थानों पर अल्पवर्षा या सूखे की स्थिति भी बन सकती है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आंधी-तूफान, भूकंप और अतिवृष्टि की घटनाओं में वृद्धि की आशंका भी जताई जा रही है। ज्योतिषाचार्य डॉ. मिश्रा के अनुसार रौद्र संवत्सर में मंत्री पद पर मंगल देव का प्रभाव रहेगा। मंगल को उग्रता और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इस दौरान हिंसा और अपराध की घटनाओं में वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। लोगों के स्वभाव में क्रोध और आवेश बढ़ सकता है तथा रक्त संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढने की आशंका है। हालांकि ग्रहों की संतुलित स्थिति के कारण परिस्थितियां पूरी तरह अनियंत्रित नहीं होंगी और नियंत्रण बना रहेगा।

# श्याम फाल्गुन मेला समापन पर निकली भव्य पदयात्रा



निसं

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले के समापन पर श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगरपालिका द्वारा रींगस निशान भवन से भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया, जो श्याम भजनों और जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए भक्तिभाव के वातावरण में संपन्न हुई। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु झूमते-गाते बाबा श्याम की भक्ति में लीन नजर आए। इस अवसर पर नगरपालिका ईओ ओम प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में तहसीलदार महेश कुमार, ईओ जयकरण, जेईएन पूरणमल, लोकेश निठारवाल सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी पदयात्रा में शामिल हुए। सभी ने भक्ति और सेवा भाव के साथ आयोजन में सहभागिता निभाई। पदयात्रा का समापन बाबा श्याम की पावन नगरी में कृतज्ञता और आभार प्रकट करते हुए किया गया। श्रद्धालुओं ने श्याम भजनों के माध्यम से बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और मेले के सफल आयोजन के लिए नगर प्रशासन को धन्यवाद दिया। समूचा वातावरण श्जय श्री श्याम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। यह भव्य आयोजन न केवल फागुन मेले के सफल समापन का प्रतीक बनाए बल्कि खाटूश्यामजी की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को भी नई ऊर्जा प्रदान करता नजर आया।

# राजस्थान पुलिस की अभिनव पहल : सार्वजनिक परिवहन में अब एक स्कैन पर मिलेगी पुलिस सहायता

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी आठ मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस ने एक महत्वपूर्ण और तकनीक आधारित पहल की शुरुआत की है। पहल के तहत पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मंशा के अनुरूप प्रदेशभर में सार्वजनिक परिवहन साधनों-बस, ऑटो एवं टैक्सी में राजकॉप सिटीजन एप के क्यूआर कोड युक्त पोस्टर एवं स्टीकर चिपकाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य यात्रा के दौरान महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा बसों, ऑटो और टैक्सियों पर क्यूआर कोड वाले पोस्टर व्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन में यात्रा कर रही छात्राएं, कामकाजी महिलाएं अथवा अन्य महिला यात्री अपने स्मार्टफोन से वाहन में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे राजकोप सिटीजन एप डाउनलोड कर सकती हैं। इस एप में उपलब्ध नीड हेल्प फीचर विशेष रूप से संकट की स्थिति को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। आपातकालीन परिस्थिति में एक क्लिक पर महिला की लोकेशन सीधे पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है, जिससे त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। राजस्थान पुलिस की यह पहल महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। सार्वजनिक परिवहन में क्यूआर कोड प्रदर्शित होने से छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं में सुरक्षा का भाव और विश्वास बढ़ेगा। यह अभियान तकनीक आधारित सुरक्षा तंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महिला दिवस के अवसर पर शुरू की गई यह पहल न केवल जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ यात्रा करने का सशक्त माध्यम भी प्रदान करेगी। राजस्थान पुलिस का यह प्रयास दर्शाता है कि महिला सुरक्षा केवल प्राथमिकता ही नहीं, बल्कि सतत मिशन है। समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण तभी संभव है जब सुरक्षा व्यवस्था आधुनिक तकनीक से लैस होकर आमजन तक सहज रूप से उपलब्ध हो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुरू की गई यह पहल प्रदेश में महिला सुरक्षा के नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

# ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण पर गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन व्यवस्थाओं में व्यापक परिवर्तन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गोविंद धाम ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी मंदिर में तीन मार्च मंगलवार को होने वाले ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण पर दर्शन व्यवस्थाओं में व्यापक परिवर्तन किया गया है। फाल्गुन सत्य पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण का सूतक प्रात: काल सूर्योदय से ही प्रारंभ हो जाएगा। इस दिन मंगला झांकी पूर्व ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। जिसके पश्चात पचरंगी पोशाक एवं विशेष अलंकार श्रृंगार धारण कराया जाएगा।

मंगला झांकी के दर्शन प्रात: 4 बजे से होंगे। ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण के कारण विशेष दर्शन खोले जाएंगे जिसका समय मध्याहन सवा 3 बजे से सायं 6.50 तक होगा। ग्रहणकाल होने के कारण ग्वाल एवं संध्या झांकी के दर्शन होना संभव नहीं होगा। ग्रहणकाल पूर्ण होने के पश्चात मंदिर प्रक्षालन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी एवं ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। जिस कारण शयन झांकी के दर्शन होना संभव नहीं होगा। चंद्रग्रहण विशेष झांकी मंगल होने के पश्चात अगले दर्शन 4 मार्च को मंगला झांकी में होंगे।

### गोविंद देवजी मंदिर में पारंपरिक रुप से मनाया जाएगा होली उत्सव

श्री गोविंद धाम ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी मंदिर में होली उत्सव 2 मार्च सोमवार को हर्षोंल्लास के साथ पारंपरिक रुप से मनाई जाएगी। मंदिर प्रांगण में प्रात: काल ब्रह्म मुहूर्त में ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा सफेद लप्पा जामा पोशाक एवं विशेष अलंकार श्रृंगार धारण कराया जाएगा। जिसके तत्पश्चात मंगला झांकी के दर्शन प्रात: 4 बजे से साढ़े 6 बजे तक होंगे। राजभोग झांकी में ठाकुर श्रीजी को महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में पांच रंग गुलाल एवं पांच तरह के पुष्प, केसर जल अर्पण किया जाएगा। ठाकुर श्री जी एवं ठकुरानी राधारानी जी के हाथ में सोने की पिचकारी होगी। सखियों के हाथ में भी पिचकारी होगी। तत्पश्चात राजभोग आरती के दर्शन होंगे तथा ठाकुर श्रीजी एवं भक्तजनों के साथ पारंपरिक होली क्रीड़ा होगी। कृष्ण चैतन्य महाप्रभु जी 540वीं जयंती उत्सव के पावन उपलक्ष्य पर ठाकुर श्री गौर गोविंद जी का पंचामृत एवं सर्वोषधि से महाभिषेक के दर्शन संध्या झांकी में होंगे।

जिसके तत्पश्चात संध्या आरती संपन्न होगी। इस दिन ठाकुर श्री जी को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

# रोडवेज बस स्टैंड पर गंदगी का आलम



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांता कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे वहां बैठने वाले यात्रियों को भारी बदबू का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका होने के बावजूद साफ-सफाई की व्यवस्था पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दांता के मुख्य परिवहन केंद्र माने जाने वाले बस स्टैंड की यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। खास बात यह है कि होली का पर्व है, इसके बावजूद सफाई को लेकर कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। त्योहार के समय यात्रियों और आमजन की आवाजाही बढ़ जाती है, ऐसे में गंदगी से बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका दांता की ओर से नियमित सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही है। वहीं नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं। न तो कचरा उठाने की व्यवस्था समय पर हो रही है और न ही बस स्टैंड परिसर की नियमित सफाई, जिससे प्रशासनिक लापरवाही साफ झलकती है। स्थानीय नागरिकों व यात्रियों ने मांग की है कि तुरंत प्रभाव से रोडवेज बस स्टैंड व आसपास के क्षेत्र की सफाई कराई जाए, नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और त्योहारों के समय विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि आमजन को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### इनका कहना है

दांता नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी भूपेश शर्मा का कहना है कि सफाई कर्मचारी खाटूश्यामजी गए हुए थे। अब आए हैं। सफाई करवा दी जाएगी।

# नारी शक्ति का महाकुंभ 8-9 मार्च को

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी में 8 व 9 मार्च 2026 को शशक्ति वंदन दृ भारत के स्व का अभिनंदन दो दिवसीय महाआयोजन जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में आयोजित होगा। आयोजन नारी सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता और सांस्कृतिक गौरव को समर्पित रहेगा। निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने देशभर में सर्वाइकल कैंसर की नि:शुल्क वैक्सीन की शुरुआत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान से प्रतिवर्ष 1.15 करोड़ बेटियां लाभान्वित होंगी। आयोजन के तहत शशक्ति कवचश् अभियान में 9 से 14 वर्ष की करीब 1000 बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन किया जाएगा। सेवायाम संस्था के तत्वावधान में अब तक हजारों बालिकाओं व महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मार्च को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे। इस अवसर पर मां पन्नाधाय की प्रतिमा का अनावरण होगा। सुबह 9 से 11 बजे तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में 500 से अधिक महिलाएं व बालिकाएं पारंपरिक शस्त्र प्रशिक्षण के तहत तलवार चलाने का अभ्यास करेंगी। आयोजन में अभिनेत्री रवीना टंडन, ईशा कोप्पिकर और विधायक व गायिका मैथिली ठाकुर सहित कई प्रबुद्धजन विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। जेन-जी का विकसित भारत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर वूमन, उद्यमिता में नारी शक्ति और ष्स्वस्थ नारी-समृ समाज जैसे विषयों पर संवाद होगा। समापन सत्र में राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रमुख कार्यवाहिका वंदनीया सीता ताई व्याख्यान देंगी।

राज्यपाल हरि भाऊ बागड़े महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित करेंगे। आयोजन स्थल पर 300 से अधिक नि:शुल्क स्टॉल लगा, जाएंगे, जहां महिला उद्यमी अपने उत्पाद, हस्तशिल्प व स्टार्टअप प्रदर्शित करेंगी। दो दिवसीय यह आयोजन जयपुर में नारी शक्ति के सामर्थ्य और नेतृत्व का प्रेरक मंच बनेगा।

# कलम दवात पूजन व स्नेह मिलन समारोह 5 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** कायस्थ हितकारिणी समिति की ओर से होली के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन 5 मार्च को की जाएगी। इस दौरान कायस्थ समाज की सामूहिक होली स्नेह मिलन समारोह में फूलों की होली खेली जाएगी। समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम शाम 5 बजे कायस्थ कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त भवन में आयोजित किए जाएंगे। कायस्थ हितकारिणी समिति के महासचिव अश्वनी माथुर ने बताया कि इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन, समाज को दिए अमूल्य योगदान के लिए पूर्व अध्यक्षों की स्मृति में उनके परिजनों, समाज के भवन के लिए दानदाताओं, भामाशाहों को प्रतिक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

# सांसद अमराराम का किया स्वागत

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** सीकर के सांसद और प्रखर किसान नेता चौधरी अमराराम रविवार को बीदासर पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्साह दिखाया। पुराने बस स्टैंड पर आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भागीरथ प्रसाद गुरु के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने सांसद का साफा पहनाकर और मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान सांसद अमराराम ने कहां कि आज का किसान अपनी मेहनत का वाजिब दाम और सम्मान मांग रहा है। केंद्र और राज्य की नीतियों में किसान हमेशा हाशि, पर रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हम किसानों की समस्याओं, सिंचाई के पानी और एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से आवाज उठाएंगे। इस मौके पर कांग्रेस नेता कटारसिंह जाखड़, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहरसिंह राठौड़, राजू दर्जी सहीत अनेक जन मौजूद थे।

# टेंडर बड़ा, सड़क पतली बिसाऊ में निर्माण पर बवाल



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बिसाऊकस्बे के वार्ड 19 में नगरपालिका द्वारा नथु सिकलीगर के घर से शीतला चौक तक 21.65 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण का टेंडर जारी किया गया थाए लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायत मिलने पर कॉमरेड महिपाल पूनिया मौके पर पहुंचे और सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क 4 इंच पीसीसी और 6 इंच आरसीसी की बननी थीए लेकिन हकीकत में कहीं दो इंच, कहीं तीन इंच तो कहीं चार इंच मोटाई ही डाली गई है। उन्होंने कहा कि सड़क एक समान लेवल में नहीं बनाई गई और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा गया। मौके से जब नगरपालिका के ईओ को फोन किया गया तो उन्होंने घटिया निर्माण की जानकारी होने से इनकार कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण में अनियमितता को लेकर पहले भी आपत्ति दर्ज करवाई गई थीए लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान डीवाईएफआई के जिला उपाध्यक्ष साहिल खान सहित कई स्थानीय नागरिक मौके पर मौजूद रहे। वार्ड 19 की यह सड़क अब अपनी मजबूती से ज्यादा विवादों के कारण चर्चा में है, और लोगों की मांग है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# मार्च माह का जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में मार्च माह में आयोजित होने वाली त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके तहत 5 मार्च को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी। वहीं 12 मार्च को अटल जन सेवा शिविर ब्लाक स्तर पर आयोजित होगा, पिलानी एवं सिंघाना ब्लॉक के ये शिविर 13 मार्च को आयोजित होगा।

# खेलकूद प्रतियोगिता तरंग में विभिन्न प्रतियोगिताओं को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर किया सम्मानित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 14 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता तरंग 2026 समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजीव शर्मा रहे। इस अवसर पर रजिस्ट्रार, सभी अधिष्ठाता, संकाय सदस्य, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस वर्ष कुल 14 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ.साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना का विकास करती हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. संजय अग्रवाल ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समन्वयकों, निर्णायकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में और अधिक उत्साह के साथ खेल गतिविधियां आयोजित करने की बात कही।

# ऑटो रिक्शा में बैठाकर गहने चोरी करने वाली गुजराती गैंग का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने ऑटो रिक्शा में बैठकर गहने चोरी करने वाली गुजराती गैंग का पर्दाफाश करते मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में ऑटो रिक्शा गैंग ने कई चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य चोरी की वारदात को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने ऑटो रिक्शा में बैठकर गहने चोरी करने वाली गुजराती गैंग के शातिर बदमाश अरविन्द धन्ना उर्फ राठौड 35 निवासी भावनगर गुजरात हाल महेंद्रा सेज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित अरविन्द धन्ना उर्फ राठौड ने जयपुर शहर में ब्रह्मपुरी, शिप्रापथ तथा मानसरोवर में अपनी गैंग के माध्यम से ऑटो रिक्शा में बैठी सवारियों के गहने काटकर चोरी स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक सोने का कंगन बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से शहर में अन्य चोरी की वारदात,चोरी का माल व गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। गौरतलब है कि 25 जनवरी 2026 परिवादी अंजू देवी पत्नी 52 निवासी आमेर ने मामला दर्ज कराया था की गत 23 जनवरी को वो आमेर जाने के लिए टैक्सी में बैठी थी। इसी दौरान गले में पहनी सोने की चैन चोरी हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया और आरोपियों की तलाश शुरू की।

# देशभर में आज धूमधाम से मनाई जायेगी होली

## दोस्तों और परिवार संग जमकर उड़ेगा गुलाल

**फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का त्योहार मनाया जाता है। यह रंगों और उत्सव का त्योहार है। न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़ों में भी इस त्योहार को लेकर खासा उत्साह रहता है। आपको बता दें कि होली के त्योहार को सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस दिन सभी लोगों के घर पर कई तरह के स्वादिष्ट पकवान भी बनाए जाते हैं। इन पकवानों में गुजिया ट्रेडिशनल डिश होती है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक में मनाई जाती है। इस दिन लोग अपने सारे गिले-शिकवे मिटाकर एक दूसरे के साथ जमकर रंग और गुलाल उड़ाते हैं।**





### नौ दिन मनाया जाता है होली का त्योहार

होली पर्व वैसे तो नौ दिनों का त्योहार है लेकिन अधिकांश जगहों पर इसे पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। इसके तहत पहले दिन होलिका जलायी जाती है, जिसे होलिका दहन भी कहते हैं। दूसरे दिन, जिसे धुलेंडी कहा जाता है, लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं और ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं। कई जगह महिलाएं इस दिन व्रत भी रखती हैं। होली पर्व के आने की सूचना होलाष्टक से प्राप्त होती है। होलाष्टक को होली पर्व की सूचना लेकर आने वाला एक हरकारा कहा जा सकता है।

### ब्रज में दिखता है अलग ही रंग

होली के इन 9 दिनों का उल्लास और मस्ती ब्रज क्षेत्र में देखते ही बनती है। बरसाने की लठमार होली काफी प्रसिद्ध है। इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएं उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। मथुरा और वृंदावन में तो 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है।

### होलिका दहन

होली के आगमन को देखते हुए देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ दिनों पहले से ही गोबर के पतले पतले उपले और अंजुलि के आकार की गुलेरियां बनाने का कार्य शुरू हो जाता है। इनके बीच में बनाते समय ही उंगुली से एक छेद बना दिया जाता है। इनके सूख जाने पर इन्हें रस्सियों में पिरोकर मालाएं बनाई जाती हैं। होलिका दहन के दो तीन दिन पूर्व होली के लकड़ी कण्डे आदि रखना शुरू कर दिया जाता है। सामूहिक होलिकाओं के साथ-साथ एक मकान में रहने वाले सभी परिवार भी अतिरिक्त रूप से होलियां जलाते हैं। होली दहन के समय पौधों के रूप में उखाड़े गए चने, जौ और गेहूं के दाने भूनकर बांटने की भी परम्परा है।

### होलिका दहन पूजन विधि

होलिका दहन से पूर्व महिलाएं एक पात्र में जल और थाली में रोली, चावल, कलावा, गुलाल और नारियल आदि लेकर होलिका माई की पूजा करती हैं। इन सामग्रियों से होली का पूजन किया जाता है और जल चढ़ाया जाता है। होलिका के चारों ओर परिक्रमा देते हुए सूत लपेटा जाता है। शास्त्रों के अनुसार भद्रा नक्षत्र में होलिका दहन पूर्णतया वर्जित है। यही कारण है कि किसी वर्ष तो होलिका दहन सायं सात आठ बजे ही हो जाता है तो किसी वर्ष प्रातः तीन चार बजे। इस दिन पुरुषों को भी हनुमानजी और भगवान भैरवदेव की विशिष्ट पूजा अवश्य करनी चाहिए। प्रत्येक स्त्री पुरुष को होलिका दहन के समय आग की लपटों के दर्शन करने के बाद ही भोजन करना चाहिए।

### होली के खास व्यंजन

होली के दिन घरों में गुजिया, खीर, पूरी और गुलगुले आदि विभिन्न व्यंजन पकाए जाते हैं। बेसन के सेव और दही बड़े भी उत्तर प्रदेश में इस दिन खूब बनाये जाते हैं। इस पर्व पर कांजी, भांग और ठंडाई विशेष पेय होते हैं।

### होली पर्व की कथा

कहा जाता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था। वह स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर भक्त था। प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति से क्रुद्ध होकर हिर.यकशिपु ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने ईश्वर की भक्ति का मार्ग न छोड़ा। हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। माना जाता है कि प्रह्लाद का अर्थ आनन्द होता है। वैर और उत्पीड़न की प्रतीक होलिका (जलाने की लकड़ी) जलती है और प्रेम तथा उल्लास का प्रतीक प्रह्लाद (आनंद) अक्षुण्ण रहता है।

## प्रहलाद के साथ ही कामदेव और बसंत ऋतु से जुड़ी है होली की मान्यता

इस साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि है, इसलिए रात में होलिका दहन किया जाएगा। अभी होलाष्टक चल रहा है और इन दिनों भक्ति, पूजा-पाठ करने का महत्व काफी अधिक है। फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है। इस पर्व से जुड़ी कई मान्यताएं हैं, लेकिन प्रहलाद और होलिका से जुड़ी मान्यता सबसे ज्यादा प्रचलित है। यहां जानिए होली से जुड़ी कुछ अन्य मान्यताएं कौन-कौन सी हैं...

### भक्त प्रहलाद और होलिका से जुड़ा किस्सा

पुराने समय में असुरों के राजा हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रहलाद विष्णु जी का भक्त था। हिरण्यकश्यपु इसी बात से अपने ही पुत्र प्रहलाद से इतना क्रोधित हो गया कि वह उसे मारने की कोशिश करने लगा। असुरराज ने प्रहलाद को कई यातनाएं दीं, लेकिन हर बार विष्णु कृपा से प्रहलाद सकुशल बच गया। हिरण्यकश्यपु की बहन होलिका को आग में न जलने का वरदान मिला हुआ था। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई, ताकि प्रहलाद का अंत हो सके, लेकिन विष्णु जी की कृपा प्रहलाद तो बच गया और होलिका जल गई। बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इसी जीत की खुशी में हर साल होलिका दहन किया जाता है।

### शिव जी और कामदेव से जुड़ा किस्सा

फाल्गुन पूर्णिमा के आसपास से ही बंसत ऋतु शुरू होती है। बसंत ऋतु के स्वागत में उत्सव मनाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। बसंत को ऋतुओं का राजा कहते हैं। पौराणिक कथा के मुताबिक, कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या भंग करने के लिए बसंत ऋतु को प्रकट किया था। इसके बाद शिव जी की तपस्या भंग हो गई थी।

कामदेव के क्रोधित होकर शिव जी ने उन्हें भस्म कर दिया था। बाद में जब शिव जी का क्रोध शांत हुआ तो उन्होंने कामदेव को श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्म लेने का वरदान दिया था। माना जाता है, जिस ये घटना हुई थी, उस दिन फाल्गुन मास की पूर्णिमा ही थी। बसंत ऋतु के आगमन की खुशी में रंगों से खेलकर उत्सव मनाया जाता है।

### नई फसल के पकने पर मनाते हैं उत्सव

पुराने समय से ही नई फसल पकने पर उत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। ये समय गेहूं-चने की फसल आने का समय है। फसल का पकना किसानों के लिए उत्सव मनाने की बात ही है। ये फसल पकने की खुशी में होली मनाने की परंपरा है। किसान जलती हुई होली में नई फसल का कुछ भाग भगवान को भोग के रूप अर्पित करते हैं। जलती हुई होली के आसपास खुशियां मनाते हैं।

# सामाजिक समरसता और उल्लास का पर्व है होली का त्योहार

भारतीय संस्कृति में होली के पर्व का अद्वितीय स्थान है। यह पर्व उमंग, उल्लास, उत्साह और मस्ती का पर्व है। होली का पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला पर्व है। होली का पर्व जलवायु परिवर्तन का भी संकेत देता है। होली का पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पर्व है। वर्तमान में यह पर्व दो दिन तक मनाया जाता है। पर्व का प्रारम्भ होलिकादहन से होता है। अगले दिन जनमानस अबीर, गुलाल और गीले रंगों के साथ तथा पर्यावरण प्रेमी टेसू के फूलों के रंग के साथ होली खेलने का आनंद लेते हैं। कहीं-कहीं यह पर्व आज भी अपनी प्राचीन परम्परा के अनुरूप रंगभरी एकादशी से प्रारंभ होकर सप्ताह भर तक मनाया जाता है। होली के पर्व को धुरंडी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन भी कहा जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे के साथ प्रेम के रस में सराबोर हो जाते हैं। होली के पर्व को वसंतोत्सव या कामोत्सव भी कहा गया है।

भक्त प्रहलाद की श्री हरि विष्णु के चरणों में अनन्य भक्ति इस उत्सव की आध्यात्मिक प्राण रेखा है। संस्कृत साहित्य में होली के विभिन्न रूपों का वर्णन मिलता है। श्रीमद्भागवत महापुराण में रसों के समूह रास का वर्णन मिलता है। होली पर्व का वर्णन किस साहित्य में मिलता है उसमें जैमिनी के पूर्व मीमांसा सूत्र और कथा ग्राह सूर्य उल्लेखनीय हैं। नारद और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख मिलता है। हर्ष की प्रियदर्शिका व रत्नालीला तथा कालिदास की कुमारसंभवम् तथा मालविकाग्निमित्रम् में होली का वर्णन मिलता है। भारवि, माघ और कई अन्य संस्कृत के कवियों ने वसंत और होली की खूब चर्चा की हैं। चंदबरदाई के पृथ्वीराज रासो में होली का वर्णन मिलता है। आदिकालीन कवि विद्यापति से लेकर सूर, रहीम, रसखान, जायसी, मीरा, कबीर और रीतिकालीन बिहारी, केशव आदि कवियों का प्रिय विषय होली रहा है। महाकवि सूरदास ने होली पर 78 पद लिखे हैं। अवध में रघुवर और सिया, ब्रज में कृष्ण और राधिका होली के नायक नायिका हैं। इसके अतिरिक्त प्राचीन चित्रों भित्तिचित्रों, मंदिरों की दीवारों पर होली उत्सव के चित्र देखने को मिलते हैं। विजयनगर की राजधानी हंपी के 16वी शताब्दी के एक चित्रफलक में दंपति के होली मनाने का चित्र अंकित किया गया है। इस चित्र में राजकुमार और राजकुमारी को दासियों सहित रंग और पिचकारी के साथ होली खेलते दिखाया गया है। 16वीं शताब्दी में अहमदनगर की एक चित्र आकृति का विषय वसंत रागिनी भी है। इस चित्र में राज परिवार के एक दंपत्ति को बगीचे में झूला झूलते दिखाया गया है। साथ ही अन्य सेवक-सेविकाएं रास रंग में व्यस्त हैं। वे एक-दूसरे पर पिचकारियों से रंग भी डाल रही हैं। मध्यकालीन भारतीय मंदिरों के भित्तिचित्रों और आकृतियों में होली के रंग देखने को मिल जाते हैं। उदाहरण के रूप में 17 वीं शताब्दी में मेवाड़ की एक कलाकृति में महाराणा को अपनी रानियों के साथ चित्रित किया गया है। एक अन्य चित्र में राजा को हाथी दांत के सिंहासन पर बैठा दिखाया गया है जिसके गाल पर महिलाएं रंग मल रही हैं। होली का पर्व पूरे भारत में, हर प्रांत में अलग- अलग प्रकार से मनाया जाता है। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बिंदु ब्रज की होली है। जिसमें बरसाने की लट्ठमार होली सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मथुरा-वृंदावन में होली का पर्व 15 दिनों तक मनाया जाता है। कुमाऊं में गीतों की होली में संगोष्ठियों का आयोजन होता है जिसे बैठकी होली कहते हैं इससे मिलती जुलती परंपरा झारखंड में भी देखने को मिलती है । हरियाणा के धुलेंडी क्षेत्र में भाभी द्वारा देवर को उठाने की प्रथा है। बंगाल में चैतन्य महाप्रभु की जयंती धूमधाम से मनाया जाती है। महाराष्ट्र में होली का पर्व रंग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में होली का पर्व होला मोहल्ला के रूप में मनाया जाता है। तमिलनाडु में यह पर्व कामदेव की कथा पर आधारित वसंतोत्सव है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की होरी में लोकगीतों की अदभुत परम्परा है। मालवा के अंचलों में यह पर्व भगोरिया नाम से बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। होली के दिन सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को ही मिलता है। इस पर्व के साथ खान पान और पकवान की भी कई परम्पराएं जुड़ी हैं जिनमे सबसे लोकप्रिय परम्परा गुझिया बनाने की है। गुझिया केवल होली के पर्व पर ही बनने वाला पकवान है। इसके अतिरिक्त घरों में विशेष परम्परागत भोजन बनाने की परम्परा है। यह भोजन और पकवान भी एक अलग प्रकार से समाज में मिठास घोलता है व मानव जीवन में एक नया उत्साह और उमंग तथा जोश भरता है। होली और होलाष्टक के दिनों में केवल होली की बातें की जाती हैं तथा इस दौरान समाज में अन्य प्रकार के प्रचलित धार्मिक और मांगलिक कामों का वार्तालाप बंद रहता है।

## चंग की ताल पर होली का लुफ्त उठाते हैं लोग

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में होली का हल्ला शुरू हो जाता है। क्षेत्र के हर गांवो के मोहल्लों में अपनी-अपनी चंग (ढफ़) पार्टी होती है। चंग बजाने के साथ धमाल गाने का सिलसिला बसंत पंचमी से शुरू होकर गणगौर तक चलता है। चंग वादन की अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली होती है की ढफ़ पर थाप पड़ते ही लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती है। चंग के साथ गाये जाने वाले लोक गीतो को धमाल के नाम से जाना जाता है। इन धमालों में होली से सम्बन्धित स्थानीय किस्से, कहावतें होती है जिनका धमाल के रूप में गाकर वर्णन किया जाता है। होली के दिनों में बजाये जाने वाले चंग के साथ धमाल व होली के गीत गाये जाते हैं। पुरुष चंग को अपने एक हाथ से थामकर और दूसरे हाथ से छड़ी के टुकड़े से व हाथ की थपकियों से बजाते हैं। साथ में झांझ, मंजीरे बजाते रहते है। एक घेरा बनाकर लोग धमाल गाते हैं। इसमें भाग लेने वाले पुरुष ही होते हैं, किंतु उनमें से कुछ पुरूष महिला वेष धारण कर नाचते हुये लोगो का मनोरंजन करते हैं। चंग वादन के बीच में गांव के पुरूषो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांग निकाले जाते हैं। गांवो में ढफ़ मण्डली की कोई विशेष वेश-भूषा नहीं होती है। लोग प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े पहनकर ही ढफ़ बजाते हैं। ढफ़ वादन का आयोजन रात को होता है। ढफ़ वादन बहुत ही अनुशासित, व्यवस्थित तरीके से होता है। शेखावाटी इलाकों में देर रात तक ढ़प की थाप पर गूंजती होली की धमाल फाल्गुनी रंग को परवान चढ़ा देती है। गांवों की चौपालों पर रसिकों की टोलियां ढफ़ की थाप पर थिरकते हुए दिखाई देती है। कलाप्रेमी होली तक चलने वाले इन आयोजनों में धमालों की टेर लगाते हैं। जो देखने-सुनने वालों को भी क्षेत्रीय संस्कृति के आनंद की अनुभूति करवाती है। पहले गांवों में होली के दिनो में औरते घरो के बाहर चौक में इक्ठठी होकर होली के गीत गाती थी जिन्हे क्षेत्र में होली के बधावा गाना कहा जाता है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी भी व्याप्त है। परिवार में पुत्र के जन्म होने पर उसके ननिहाल पक्ष से कपड़े, मिठाई दिये जाते हैं, जिनकी पूजा कर बच्चे को कपड़े पहनाये जाते है व मिठाई मौहल्ले में बांटी जाती है। आजकल क्षेत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत बेटी जन्म को बढ़ावा देने के उदेश्य से गांवों में बेटी के जन्म पर भी ढूंढ़ पूजना प्रारम्भ हुआ है। जो कन्या भ्रूण हत्या रोकने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास साबित होगा। चंग का निर्माण भेड़ के चमड़े को धूप में सुखा कर काठ के गोल घेरे में इस चमड़े को चढ़ाकर किया जाता है। इस पर हल्दी का लेप लगाया जाता हैं। इन चंगों पर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाने के साथ ही ढफ़ मण्डलियों के नाम भी लिखे जाते है। वर्षों से ढफ़ बना रहे चिराना के दौलतराम सैनी ने बताया कि चिराना में बनने वाले ढफ़ वजन में हल्के व मजबूत होते हैं। ढफ़ का घेरा बनाने के लिए आम के पेड़ की लकड़ी काम ली जाती है जो काफी हल्की और मजबूत होती है। ढफ़ अमूमन 22 से 32 इंच तक के होते हैं। चंगों पर मंढने के लिए भेड़ की खाल मंगवाई जाती है। खाल को आकड़े के दूध से साफ करके गुड़, मेथी, गोंद का घोल बनाकर उससे खाल को लकड़ी के घेरे पर चिपकाया जाता है। इसे छांव में ही सुखाया जाता है। नवलगढ़ में ढफ़ बनाने वाले मिंतर खटीक ने बताया कि वह अपना पुस्तैनी काम संभाल रहा है। लेकिन अब धीरे-धीरे चंग का प्रचलन कम होने लगा है। ढफ़ बनाने वालों का कहना है कि किसी जमाने में हमारे पास खरीददारों की लाइन लगती थी। लेकिन अब स्थिति बिल्कुल विपरीत है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190